मूल्य : 5/-
24 जून से 30 जून, 2024
वर्ष - 3, अंक - 10



# शौर्य न्यूज इंडिया

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

सोच वही, ऊर्जा नई...

www.shauryanewsindia.co.in



पेज 5
सोनाक्षी-इकबाल ने रचाई शादी...

पेज 5
'कल्कि' के टिकट दाम बढ़े...

बनारस, चंदौली, आजमगढ़, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, सिंगरौली, राजगढ़, भदोही, बलिया, मऊ, प्रयागराज, देवरिया, मथुरा, अयोध्या, आगरा, महोबा, बांदा, मुरादाबाद, बहराइच और गोरखपुर से प्रसारित

# सदन में हंगामे के आसार, विपक्ष उठाएगा सवाल

## 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से, नवनिर्वाचित सांसद लेंगे शपथ, लोकसभा अध्यक्ष का होगा चुनाव, भर्तृहरि को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करने पर हो सकता है विवाद



नई दिल्ली। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरूआत 24 जून से शुरू होगी। सोमवार सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी कैबिनेट में शामिल मंत्री बतौर संसद सदस्य शपथ लेंगे। प्रधानमंत्री के बाद केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी शपथ ग्रहण करेंगे। इसके बाद मंत्री परिषद के अन्य सदस्य सांसद के रूप में शपथ लेंगे। सभी को प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब शपथ दिलाएंगे। इसके बाद विभिन्न राज्यों के सांसद वर्णमाला के क्रम में शपथ लेंगे। यानी कि सबसे पहले असम राज्य के सांसद शपथ लेंगे, तो अंत में पश्चिम बंगाल के सांसद।

बताया गया है कि 24 जून को पीएम मोदी और उनके मंत्रिपरिषद सहित 280 नवनिर्वाचित सांसद शपथ ग्रहण करेंगे, जबकि 25 जून मंगलवार को 264 नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ ग्रहण कराई जाएगी। सत्र के पहले दिन ही भाजपा नेता और सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करने पर विवाद हो सकता है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने इस पद के लिए कांग्रेस सदस्य कोडिकुन्निल सुरेश के दावे को नजरअंदाज किया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस के सांसद लगातार नहीं जीते हैं, इसलिए उनकी वरिष्ठता का आधार नहीं बनता। पीएम मोदी की कैबिनेट में शामिल मंत्रियों में 58 लोकसभा के सदस्य हैं। जबकि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल 13 सदस्य राज्यसभा के सांसद हैं और एक मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू अभी किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं। वह लुधियाना से भाजपा के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे।

संसद के इस सत्र में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं होगा। जानकारी के अनुसार, सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सबसे पहले राष्ट्रपति भवन में भर्तृहरि महताब को लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर के तौर पर शपथ दिलाएंगी। इसके बाद सुबह 11 बजे से संसद की कार्यवाही शुरू की जाएगी। 18वीं लोकसभा की पहली बैठक के अवसर पर सदस्यों द्वारा मौन रखने के साथ कार्यवाही की शुरूआत की जाएगी।

इसके बाद लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह सदन के पटल पर लोकसभा के लिए चुने गए सदस्यों की सूची रखेंगे। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर महताब पीएम मोदी को सदन के सदस्य के तौर पर शपथ लेने के लिए आमंत्रित करेंगे। इसके बाद 26 जून को लोकसभा स्पीकर के चुनाव तक सदन की कार्यवाही चलाने में उनकी सहायता करने के लिए राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त अध्यक्षों के पैनल को शपथ दिलाएंगे। दरअसल, राष्ट्रपति ने लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ/ प्रतिज्ञान दिलाने में महताब की सहायता के लिए कोडिकुन्निल सुरेश (कांग्रेस), टीआर बालू (डीएमके), राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते (दोनों भाजपा) और सुदीप बंद्योपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस) को नियुक्त किया है। संसद सत्र के पहले दिन यानी 24 जून को 280 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे। दूसरे दिन यानी 25 जून को 264 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे। इसके बाद 26 जून को नए लोकसभा स्पीकर का चुनाव होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी।

जानकारी के अनुसार, 27 जून को राज्यसभा का 264वां सत्र शुरू होगा। इसी दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा-राज्यसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी बोलेंगे। 1-3 जुलाई के दौरान संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। 10 साल बाद पहली बार पीएम मोदी के सामने मजबूत विपक्ष होगा। विपक्ष नीट परीक्षा गड़बड़ी, यूजीसी नेट एग्जाम कैंसिलेशन और अग्निवीर योजना को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा। इसके बाद प्रधानमंत्री संसद के दोनों सदनों में, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देंगे।

### कांग्रेस को 10 साल बाद मिलेगी नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी

लोकसभा में इस बार नेता प्रतिपक्ष भी होगा। पिछले 10 साल से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद खाली है, क्योंकि 2014 के बाद से किसी भी विपक्षी दल के 54 सांसद नहीं जीते। नियम के तहत नेता प्रतिपक्ष बनने के लिए लोकसभा की कुल संख्या 543 का 10 फीसदी यानी 54 सांसद होना जरूरी है। 16वीं लोकसभा में मल्लिकार्जुन खरगे 44 सांसदों वाले कांग्रेस संसदीय दल के नेता थे, लेकिन उन्हें नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं था। 17वीं लोकसभा में मल्लिकार्जुन खरगे 44 सांसदों वाले कांग्रेस संसदीय दल के नेता थे, लेकिन उन्हें नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं था। 17वीं लोकसभा में 52 सांसदों की अगुआई अधीर रंजन चौधरी ने की थी। सदन के नेता प्रधानमंत्री के बराबर ही नेता प्रतिपक्ष को तरजीह मिलती है। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली कमेटी में भी उन्हें शामिल किया जाता है, जिसकी अध्यक्षता पीएम करते हैं। नेता प्रतिपक्ष राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, केंद्रीय सूचना आयोग, सीवीसी और सीबीआई के प्रमुखों की नियुक्ति करने वाली कमेटी में भी शामिल हो जाता है। लोकसभा की लोक लेखा समिति का अध्यक्ष भी आमतौर पर नेता प्रतिपक्ष को ही बनाया जाता है। इस समिति के पास पीएम तक को तलब करने का अधिकार होता है। सदन के भीतर प्रतिपक्ष के अगली, दूसरी कतार में कौन नेता बैठेगा, इसकी राय भी विपक्ष के नेता से ली जाती है। चुनाव 2024 के परिणाम के बाद यह पहला लोकसभा का सत्र होने जा रहा है। 18वीं लोकसभा में भाजपा जहां 240 सीटें हासिल कर सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर सदन में होगी, वहीं एनडीए के पास 293 सीटों के साथ बहुमत है। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस 98 सीटों के साथ सदन में है, जबकि इंडिया ब्लॉक के पास 234 सीटें हैं।

# जांच करने बिहार पहुंची CBI टीम पर हमला

नवादा। नवादा में नीट यूजी पेपर लीक मामले की जांच करने दिल्ली से बिहार के नवादा पहुंची सीबीआई टीम की ग्रामीणों ने पिटाई कर दी है। रजौली पुलिस के पहुंचने के बाद सीबीआई टीम के अधिकारियों को बचाया जा सका। नवादा के पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम नवादा जिले के रजौली थाना के कसियाडीह गांव पहुंची थी। लेकिन, ग्रामीणों ने सीबीआई टीम को नकली पुलिस बताकर उनके साथ मारपीट करने लगे। इसके बाद नवादा पुलिस पहुंची और अधिकारियों को बचाया। मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई कर रही है। इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई टीम के अधिकारियों ने दो मोबाइल फोन को जब्त किया है।

**टॉवर लोकेशन के आधार पर जांच करने पहुंची थी टीम :** बताया जा रहा है कि नीट पेपर लीक मामले की जांच के लिए दिल्ली से सीबीआई की टीम नवादा जिले के रजौली थाना के कसियाडीह गांव पहुंची थी। पेपर लीक में शामिल एक व्यक्ति के मोबाइल लोकेशन के आधार पर सीबीआई टीम कसियाडीह पहुंची थी, लेकिन सीबीआई टीम को नकली बताकर ग्रामीणों ने उनके साथ मारपीट कर दिया। सीबीआई के अधिकारियों के गाड़ियों में भी तोड़फोड़ कर दिया। सीबीआई टीम के ड्राइवर के साथ भी मारपीट किया गया। सीबीआई की जांच टीम में चार अधिकारियों के साथ स्थानीय पुलिस की एक महिला कांस्टेबल भी थी।










## मणिपुर में मैइती व कुकी समुदाय में फिर गोलीबारी

कांगपोकपी। मणिपुर में कई महीनों से दो समुदाय के बीच विवाद जारी है। दोनों समुदाय के सशस्त्र सदस्यों के बीच एक बार फिर से गोलीबारी हुई है। पुलिस ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना उस समय हुई जब कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने शनिवार रात पड़ोसी कांगपोकपी जिले में पर्वतीय क्षेत्रों से इंफाल पूर्व जिले के थामनापोकपी और लामलाई इलाकों की ओर गोलियां बरसाईं। इलाके में स्थिति को नियंत्रण करने के लिए सुरक्षा बलों को भेजा गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक घंटे बाद गोलीबारी थम गई और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इंफाल घाटी में रहने वाले मैइती और पर्वतीय इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच पिछले साल मई से जारी जातीय हिंसा में 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

# आईईडी ब्लास्ट में दो जवान शहीद

## सुकमा में सुरक्षाबलों के ट्रक पर किया हमला, मची सनसनी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों की तरफ से नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। जवानों की कार्रवाई से बौखलाए नक्सलियों करतूत सामने आई है। सुकमा और बीजापुर की सरहद पर बसे सिलगेर और टेकुलगुडम के पास नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट करने से कोबरा के दो जवान बलिदान हो गए। जवानों के पार्थिव शरीर को घटना स्थल से निकाला जा रहा है।

नक्सलियों ने जवानों के ट्रक पर आईईडी ब्लास्ट किया है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने मामले की पुष्टि की है। इधर, नक्सली हमले की सूचना पर अतिरिक्त बल को मौके पर भेजा गया है। इलाके में



अब सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक रविवार को जगरगुंडा थाना क्षेत्र के सिलगेर कैम्प से कोबरा 201 वाहिनी की एडवांस पार्टी का मूवमेंट आरओपी ड्यूटी के दौरान ट्रक और मोटर साइकिल से कैम्प टेकलगुडेम की तरफ था। सिलगेर व टेकुलगुडम जाने के रास्ते मे नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी प्लांट किया गया था। मूवमेंट के दौरान रविवार दोपहर तीन बजे के करीब आईईडी की चपेट से कोबरा 201 वाहिनी के ट्रक जिसमें चालक और सहचालक जवान मौके पर शहीद हो गए।

**दो आतंकी मारे गये : श्रीनगर।** सुरक्षाबलों ने उड़ी के पास एक आतंकवादी मार गिराने में भी कामयाबी पाई है। आतंकी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे।

इसी दौरान एक को मार गिराया। ऑपरेशन चल रहा है। सुरक्षाबलों ने उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के उड़ी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर आतंकियों की घुसपैठ की साजिश को नाकाम कर दिया।

## रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने निचली अदालत के जमानत देने के फैसले पर दिल्ली हाईकोर्ट की रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। केजरीवाल ने इस मामले में सोमवार ही सुनवाई की मांग की है। दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल को अब समाप्त हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन ने ईडी द्वारा निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने के लिए उच्च न्यायालय का रुख करने के बाद यह आदेश पारित किया। अदालत ने कहा कि वह निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाने की प्रार्थना पर विस्तृत आदेश के लिए मामले को सुरक्षित रख रही है।

## दोबारा हुई नीट की परीक्षा 750 छात्रों ने नहीं दिया टेस्ट

नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 23 जून को नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट-यूजी की पुनःपरीक्षा आयोजित की। कुल 1,563 उम्मीदवारों के लिए नीट रीटेस्ट आयोजित किया गया था। इन उम्मीदवारों को खोए हुए समय की भरपाई के लिए ग्रेस मार्क्स दिए गए थे, जिसके कारण इस निर्णय पर विवाद हुआ था। कुल 1,563 उम्मीदवारों में से 750 छात्रों ने नीट रीटेस्ट 2024 छोड़ दिया। 13 जून को एक याचिका की सुनवाई के दौरान केंद्र ने शीर्ष अदालत को जानकारी दी थी कि एनटीए द्वारा 1,563 उम्मीदवारों को ग्रेस मार्क्स दिए जाने का निर्णय वापस ले लिया गया है। केंद्र ने आगे बताया था कि इन उम्मीदवारों के लिए नीट यूजी परीक्षा 23 जून को पुनः आयोजित की जायेगा, जिसका परिणाम 30 जून को घोषित किया जायेगा। हालांकि, परीक्षा में शामिल होने की कोई बाध्यता नहीं थी लेकिन यदि कोई उम्मीदवार परीक्षा नहीं देता है तो काउंसलिंग के लिए उसके वास्तविक अंक ही मान्य होंगे। इसका अर्थ है कि उस उम्मीदवार के ग्रेस अंकों को काउंसलिंग के लिए नहीं जोड़ा जायेगा। रविवार को आयोजित हुई पुनः परीक्षा में 1,563 में से 813 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 750 अनुपस्थित रहे।



# स्वप्नदृष्टा थे डॉ. श्यामा प्रसाद

लखनऊ। एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान के मुद्दे और भारत की अखंडता को लेकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 23 जून 1953 को अपना बलिदान दिया था। देश 1947 में आजाद हुआ और 1950 में संविधान लागू किया गया। इसके बाद तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने देश के संविधान में धारा-370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने का कुत्सित प्रयास किया था। डॉ. मुखर्जी उस समय उद्योग व खाद्य मंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे थे, लेकिन सरकार की मंशा को ध्यान में रखकर उन्होंने पद छोड़ दिया और देश की प्रतिष्ठा व अखंडता के लिए कश्मीर से धारा-370 हटाने के लिए व्यापक आंदोलन प्रारंभ किया।



उक्त बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सिविल हॉस्पिटल परिसर हजरतगंज स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सीएम ने डॉ. मुखर्जी को भारत माता का महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अखंड भारत का स्वप्नद्दष्टा बताया। सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए अभियान प्रारंभ किया, इसके लिए उन्हें प्राण भी त्यागना पड़ा। कश्मीर में धारा-370 समाप्त कर एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान की भावनाओं को सम्मान करने का कार्य पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की एनडीए सरकार ने किया है। सीएम योगी ने अपने मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर भी डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी ने लिखा कि महान राष्ट्रभक्त, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, उत्कृष्ट शिक्षाविद, राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक, श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! भारत की एकात्मता और अखंडता के लिए समर्पित उनका सम्पूर्ण जीवन एवं बलिदान देशवासियों के लिए महान प्रेरणा है।

# इसरो ने फिर रचा एक और कीर्तिमान

बंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को बताया कि उसने अपनी रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक (प्रक्षेपण यान को दोबारा इस्तेमाल करने की तकनीक) का तीसरी बार सफल परीक्षण किया। इसरो ने बताया कि इस बार ज्यादा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रक्षेपण यान का परीक्षण किया और वह सभी मानकों पर खरा उतरा। इस परीक्षण में इसरो ने लैंडिंग इंटरफेस और तेज गति में विमान की लैंडिंग की स्थितियों की जांच की। इस परीक्षण के साथ ही इसरो ने आज के समय की सबसे अहम तकनीक में से एक को हासिल करने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ा दिया है। इसरो ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल का तीसरा और अंतिम परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में रविवार सुबह 7.10 बजे किया गया। इससे पहले इसरो रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के दो सफल परीक्षण कर चुका है। तीसरे परीक्षण में प्रक्षेपण यान को ज्यादा ऊंचाई से छोड़ा गया और इस दौरान तेज हवाएं भी चल रहीं थी, इसके बावजूद प्रक्षेपण यान 'पुष्पक' ने पूरी सटीकता के साथ रनवे पर सुरक्षित लैंडिंग की। परीक्षण के दौरान वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से प्रक्षेपण यान पुष्पक को साढ़े चार किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। इसके बाद प्रक्षेपण यान पुष्पक ने स्वायत तरीके से रनवे पर सफल लैंडिंग की। लैंडिंग के दौरान यान की गति



करीब 320 किलोमीटर प्रतिघंटे थी। बता दें कि एक कमर्शियल विमान की लैंडिंग के वक्त स्पीड 260 किलोमीटर प्रतिघंटे और एक लड़ाकू विमान की गति करीब 280 किलोमीटर प्रतिघंटे होती है। लैंडिंग के वक्त पहले ब्रेक पैराशूट की मदद से प्रक्षेपण यान की गति को घटाकर 100 किलोमीटर प्रतिघंटे पर लाया गया और फिर लैंडिंग गीयर ब्रेक की मदद से रनवे पर विमान को रोका गया।

परीक्षण के दौरान यान के रूडर और नोज व्हील स्टीयरिंग सिस्टम की भी कार्यक्षमता की जांच की गई। भविष्य में प्रक्षेपण यान को अंतरिक्ष में भेजने और उसे वापस सुरक्षित धरती पर उतारकर फिर से अंतरिक्ष में भेजने के लिहाज से यह तकनीक बेहद अहम है। इस तकनीक की मदद से इसरो की लागत में काफी कमी आएगी क्योंकि किसी भी अंतरिक्ष मिशन में प्रक्षेपण यान की लागत काफी ज्यादा होती है और अभी एक बार इस्तेमाल होने के बाद यान को दोबारा इस्तेमाल नहीं किया जाता। अब रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक की मदद से अंतरिक्ष में बढ़ रहे कचरे की समस्या से भी निपटा जा सकेगा।

रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के लैंडिंग परीक्षण के दौरान यान में मल्टी-सेंसर फ्यूजन का उपयोग किया गया, जिसमें इनर्शियल सेंसर, रडार अल्टीमीटर, फ्लश एयर डेटा सिस्टम, स्यूडोलाइट सिस्टम और एनएवीआईसी जैसे सेंसर शामिल हैं। इसरो का कहना है कि इस परीक्षण में भी पिछले परीक्षणों के दौरान इस्तेमाल की गई यान की बॉडी और उड़ान प्रणालियों का फिर से इस्तेमाल किया गया, जो इसरो की डिजाइन क्षमता को दर्शाता है। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के नेतृत्व में इस मिशन में इसरो के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी), इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) और सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा भी शामिल रहे। साथ ही वायुसेना के तकनीकी विभाग के साथ ही आईआईटी कानपुर, नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेट्री, इंडियन एयरोस्पेस इंडस्ट्रियल पार्टनर्स, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने भी अहम सहयोग किया।

# योग भारत की प्राचीन सनातन संस्कृति का हिस्सा, हर शख्स ने अपनाया

## बोले दयाशंकर मिश्र दयालु : शरीर को निरोग रखने को योग को अपने जीवन शैली में करें शामिल, प्रभारी मंत्री ने विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को किया पुरस्कृत





बलिया। जनपद में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम वीर लोरिक स्टेडियम में आयोजित हुआ। इसमे जनपद के प्रभारी मंत्री व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, उप्र दयाशंकर मिश्र दयालु ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। प्रभारी मंत्री ने महर्षि पतंजलि की फोटो पर पुष्पांजलि किया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम के लिए नामित नोडल आवास आयुक्त बलकार सिंह भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार के सामूहिक योगाभ्यास, आसन और प्राणायाम कराया गया। प्रभारी मंत्री द्वारा योग सप्ताह पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, निबंध, भाषण, योगासन और स्लोगन के विजेताओं को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामविचार पांडेय को प्रभारी मंत्री ने काशी विश्वनाथ मंदिर का मोमेंटो भेंट किया। जिलाधिकारी ने भी प्रभारी मंत्री को काशी विश्वनाथ मंदिर की मोमेंटो देकर सम्मानित किया। आयुष विभाग बलिया द्वारा सामूहिक योग दिवस में शामिल सभी लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की टी-शर्ट प्रदान किया गया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि योग विधा भारत द्वारा संपूर्ण विश्व और मानव सभ्यता को सबसे बड़ी देन है। यह भारत की प्राचीन सनातन संस्कृति का हिस्सा है।

यह उत्तर प्रदेश के लिए विशेष गौरव की बात है। क्योंकि योग के प्रणेता महर्षि पतंजलि की जन्मस्थली उत्तर प्रदेश और कर्मभूमि काशी है। साल 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। साल के 365 दिनों में आज का दिन सबसे लंबा होता है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के 200 से अधिक देशों में भारत की इस सनातन विधा को स्वीकृति मिली है और सभी ने इसे सहर्ष स्वीकार किया है। कहा कि आप लोगों को जानकर हैरानी होगी कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ में सर्वाधिक मतों से पास होने वाला प्रस्ताव है।

उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों से अपील किया कि शरीर को निरोग रखने के लिए योग को अपने जीवन शैली में शामिल करें और प्रतिदिन योग करने का संकल्प लें। कहा कि स्वस्थ मन और स्वास्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। इसलिए हमारे आने वाले कल को बेहतर बनाने के लिए योग जरूरी है, तभी हम एक बार फिर विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि योग भारत की महत्वपूर्ण विरासत है। यह हमारे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अति आवश्यक है। अगर हम नियमित रूप से योग करें तो हमारा शरीर और मन दोनों ही स्वस्थ रहेगा। नोडल अधिकारी बलकार सिंह ने कहा कि देश के लिए यह गौरव की बात है कि योग को अंतरराष्ट्रीय दिवस का दर्जा प्राप्त हुआ है। योग के प्रचार प्रसार से भारत के सांस्कृतिक इतिहास के बारे में पूरा विश्व जान गया है और उससे पर्यटन क्षेत्र को भी बढ़ावा मिला है। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने कहा कि योग हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह दिवस इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं कि जो लोग योग से नहीं जुड़े हैं, उनको इस दिन योग से जुड़ने का मौका मिलता है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विजय पति द्विवेदी, परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी, जिला होम्योपैथिक अधिकारी एनपी सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ आयोजन

मऊ। दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनपद हेतु नामित नोडल अधिकारी अपर आयुक्त आजमगढ़ मंडल के के अवस्थी, जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं जनपद के गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ट्रांसजेंडर समूह के लोगों ने भी बड़ी संख्या में योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके अलावा मूक बधिर दिव्यांग लोगों द्वारा भी दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रतिभाग किया गया। इसके अलावा बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों द्वारा भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित योग कार्यक्रम के दौरान प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन आयुष विभाग द्वारा किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर आयुक्त, जिला अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दिया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 6 बजे प्रारंभ हुआ जो करीब डेढ़ घंटे तक चला।

कार्यक्रम के समापन पर अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों द्वारा बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करने पर धन्यवाद दिया। विशेष कर महिलाओं स्कूली बच्चों, ट्रांसजेंडर समूह के लोगों तथा दिव्यांग लोगों द्वारा प्रतिभाग करने पर प्रसन्नता जताते हुए उन्होंने विशेष आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के उपरांत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित निबंध एवं अन्य प्रतियोगिता के विजेताओं को जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर आयुक्त महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन के परिसर में प्रातः पुलिस अधीक्षक इलामारन जी की उपस्थिति में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पतंजली व सहज योग परिवार के योग प्रशिक्षक टीम द्वारा अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकाल का पालन कराते हुए पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य, निरोग, तनावमुक्त एवं प्रसन्नचित रहने हेतु विभिन्न तरह के आसन/व्यायाम कराते हुए योग करने के लाभ के बारे में बताया गया।

## एसपी सिटी उतरे सड़क पर 221 वाहनों का चालान



मीरजापुर। जनपद पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दूसरे दिन 221 वाहनों का चालान कर 2,01,000 रुपये की वसूली किया। यह अभियान जिले में विभिन्न थाना इलाकों में चलाया गया। एसपी सिटी नितेश सिंह सिंह बताया कि यह अभियान 25 जून तक चलेगा। नियम से विपरीत कार्य करने वालों को कोई रियायत नहीं दी जायेगी। जिले में बुधवार को दूसरे दिन भी वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। नगर के भरुहना चौराहे पर एसपी सिटी नितेश सिंह ने कमान सम्हाला। अभियान में निजी वाहनों पर लगे हूटर, सायरन, लाल नीली बत्ती, पद सूचक स्टिकर और शीशे पर ब्लैक फिल्म पाये जाने पर कार्रवाई कर जुमार्ना वसूला गया। जनपद के विभिन्न थाना इलाकों में दूसरे दिन भी स्टेटस सिम्बल बनकर सड़क पर दौड़ने वाले वाहनों की धर पकड़ के लिए चेकिंग अभियान चालाया गया। बिना किसी अधिकार के लाल-नीली बत्ती और हूटर बजाने वाले वाहन उनके निशाने पर रहे। इस दौरान पुलिस लिखे वाहनों पर भी पुलिस की तिरछी नजर रही। अभियान में सबको निशाने पर रख हिदायत देते हुए जुर्माना वसूला गया। निजी वाहन पर भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार का स्टिकर लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। लाल-नीली बत्ती, हूटर, सायरन लगाने वाले 22 वाहनों का चालान कर 15 हजार शमन शुल्क वसूला गया।

## आजमगढ़ में ट्रक ने बेटी को रौंदा, मां घायल

फरिहां (आजमगढ़)। निजामाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत फरिहां से मोहम्मदपुर जाने वाले मार्ग पर ईंट भट्ठे के पास ट्रक ने पीछे से मोटर साइकिल में धक्का मार दिया।

धक्के से रोड पर गिरी मां घायल हो गई जबकि बेटी की ट्रक के नीचे आ जाने से मौके पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद ट्रक आगे निकल गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लड़की के शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुभम गौड़ 20 वर्ष पुत्र रणजीत अपनी मां अनीता देवी 50 वर्ष और अपनी बड़ी बहन रीना गौड़ 24 वर्ष निवासी बऊवांपार थाना बरदह को एक ही मोटरसाइकिल पर बैठाकर निजामाबाद भर्ती रिश्तेदार को देखने जा रहे थे। मां और बेटी मोटरसाइकिल से रोड पर गिर गए। गिरने के बाद ट्रक दोनों को रौंदते हुए आगे निकल गया जिससे अनीता गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल अवस्था में बेटा शुभम जिला अस्पताल के लिए रवाना हो गया जहां पर अनीता की स्थिति चिंताजनक बताई गयी।

वहीं पर शुभम को बहुत हल्की फुल्की चोटे लगी। ट्रक के नीचे आने से रीना की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतका रीना दो भाइयों में सबसे बड़ी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ट्रक चालक ट्रक खड़ा करके मौके से फरार हो गया। ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।



**संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे मिला मजदूर का शव : रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सहिगड़ा के पास मुख्य मार्ग के किनारे स्थित पेड़ के नीचे संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मजदूर का शव गुरुवार की सुबह पुलिस ने बरामद किया।पुलिस का मानना है कि हीट वेव के चलते मौत हुई है। रानी की सराय थाना क्षेत्र के चकलालधर चकिया निवासी धरमराज 38वर्ष पुत्र सुक्खू मजदूरी करता था। बुधवार को घर से ससुराल जाने के लिए कह कर निकला था। परिजनों ने समझा कहीं काम पर होंगे।गुरुवार को सुबह छतवारा मेहनगर मार्ग स्थित सहिगड़ा गांव के पास सड़क के किनारे स्थित एक पेड़ के नीचे सोये व्यक्ति को देख ग्रामीणों को शंका हुई तो सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शिनाख्त कराई तो कुछ ही दूर स्थित चकिया गांव निवासी धरमराज के रूप में पहचान हुई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।शव देख पुलिस का मानना है कि मदिरा सेवन के साथ हीटवेव का शिकार हो गया है।थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्र का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद कारण स्पष्ट होगा। मृतक पांच भाई है। उसके पास तीन पुत्री है।

## संक्षेप समाचार...

### बारा पीपा पुल हो गया बंद, बढ़ी परेशानी

बारा। सेवराई व मुहम्मदाबाद तहसील को जोड़ने वाला बारा गंगा घाट पर बना पीपा पुल पूर्ण रूप से बंद हो गया। पीपा पुल के खुल जाने से दोनों तहसीलों के लोगों को अब पांच माह तक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। बारा पीपा पुल के बंद होने से दोनों तहसीलों के आवागमन पर पूरी तरह से ब्रेक लग गया है। इस कारण रोजाना हजारों लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। पुल पर परिचालन बंद हो जाने के कारण सेवराई तहसील के नेशनल हाईवे 124 – सी व पूर्वांचल एक्सप्रेस – वे से जोड़ने वाली सड़क मार्ग से आना– जाना लोगों की पूरी तरह से बंद हो गया।

### जेसीबी- ट्रैक्टर किया सीज

जखनिया। स्थानीय तहसील अंतर्गत पूरे क्षेत्र में जेसीबी द्वारा अवैध खनन जोरो से चल रहा था। बृहस्पतिवार की रात उप जिलाधिकारी जखनिया कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार विवेकानंद ने मोलनापुर उर्फ तालगांव में अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी व चार ट्रैक्टर ट्राली को पड़कर तहसील लाये और उन्हें सीज कर दिया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि अगर क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन करते हुए जेसीबी मिली तो उनको सीज करते हुए उचित कार्यवाही की जाएगी।

### बिजली की आंख-मिचौली से परेशानी

गाजीपुर। भीषण गर्मी के बीच बिजली की भी आंख मिचौली जारी है। जिसके कारण लोगों को गर्मी में समय काटना मुश्किल हो रहा है। रात में जहां घंटों बिजली गायब होने के कारण लोग रतजग्गा करने को मजबूर है, वहीं दिन में भी बिजली का आना जाना लगा रहता है। शहरी क्षेत्र में खासकर रौजा उपकेंद्र का नौटंकी की अलग है। आए दिन इस फीडर से बिजली गायब हो जा रही है। इससे जुड़े हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी होती है। सोमवार की सुबह भी घंटे-दो से अधिक समय तक बिजली गायब रही। सुबह पांच बजे बिजली की आपूर्ति बंद हो गयी। जिसके कारण पानी की समस्या को लेकर लोग काफी परेशान रहे। दोपहर में भी बिजली का आना जाना लगा रहा। वहीं टाउन टू के मोहल्ला में भी दोपहर बाद बिजली गायब रही।

### जमीन सम्बंधी विवाद में मारपीट, पिता-पुत्री घायल

मरदह। हरिहरपुर गांव में रास्ते पर अतिक्रमण के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच ईट पत्थर चले। जिसमें एक पक्ष के रामशीष शर्मा एवं उनकी पुत्री प्रतिभा शर्मा का सिर फट गया। दोनों का उपचार सीएचसी मरदह पर कराया गया। रामशीष शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने हमलावर रामजश शर्मा, रामसोच शर्मा,चन्द्रिका शर्मा,गुंजन शर्मा के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।

### लेखपाल पर कार्रवाई के लिए सौंपा पत्रक

जमानिया। तहसील में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने सेवराई तहसील में अधिवक्ता के साथ बदसलूकी और हाथापाई के विरोध में नारेबाजी की और उपजिलाधिकारी को पत्रक सौंपा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश सिंह यादव ने कहा कि सेवराई तहसील में दो लेखपाल आशुतोष यादव व मृत्युंजय राय द्वारा अधिवक्ता उपेन्द्र उपाध्याय के साथ बदसलूकी और हाथापाई की गई। जिस पर बार एसोसिएशन सेवराई का समर्थन स्थानीय बार एसोसिएशन कर रहा है। जिस कारण से शुक्रवार को एक दिन सांकेतिक न्यायिक बहिष्कार का प्रस्ताव पारित किया गया है। उन्होंने उच्चाधिकारी से मांग की कि घटना की किसी निष्पक्ष अधिकारी से जांच करा कर दोषी लेखपाल द्वय के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने, बैठने से लिए सेवराई तहसील में हाल निर्माण, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था करने आदि से संबंधित मांग पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा। जिस पर उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार ने आश्वासन दिया कि उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर सचिव कमल कांत राय, पूर्व अध्यक्ष गोरखनाथ सिंह यादव, उदय नारायण सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, अशोक कुमार, पंकज तिवारी, फैसल होदा , मेराज हसन, घनश्याम सिंह, सुनील कुमार, रवि प्रकाश, दिग्विजय तिवारी, जयप्रकाश, काजी शकील, नरेंद्र राय, अमरनाथ राम, बृजेश कुशवाहा व समस्त अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### स्कॉलरशिप घोटाला रोकने के लिए ऑनलाइन हाजिरी

गाजीपुर। छात्रवृत्ति वितरण में धांधली को लेकर शासन ने बायोमैट्रिक हाजिरी का निर्देश जारी किया है। बायोमैट्रिक हाजिरी अब सभी स्कूलों और कालेजों में अनिवार्य रूप से लगानी होगी। जिसको लेकर शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को आदेश दे दिया है। बायोमैट्रिक हाजिरी के लिए शासन ने नामित कंपनी भी अपना कार्य शुरू कर दिया है। हालांकि, शासन का यह निर्देश काफी वर्षो से जारी है। लेकिन इस बार सख्ती से पालन कराने का फरमान जारी है। जिन स्कूलों में बायोमैट्रिक हाजिरी नहीं लगेगी। वहां अध्यनरत छात्रों को छात्रवृति नहीं मिलेगी। बायोमैट्रिक हाजिरी का रिकार्ड समाज कल्याण विभाग में जमा होगा। रिकार्ड सत्यापित करने के बाद विद्यार्थियों डाटा शासन को भेजा जाएगा। शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। सभी स्कूलों को बायोमैट्रिक हाजिरी लगवाने का आदेश दे दिया हैं। बतादें, माध्यमिक शिक्षा और उच्च शिक्षा में अध्यनरत सभी छात्रों की वित्तीय वर्ष 2024-25 में बायोमैट्रिक हाजिरी अनिवार्य रूप से लागू कर दिया गया है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से किशोर की मौत

जमानिया। क्षेत्र के बरुइन गांव के पास शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे ट्रैक्टर ट्राली कि चपेट में आने से साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार महली गांव निवासी सन्नी (14) खरीदारी करने के लिए स्टेशन बाजार साइकिल से आया था और खरीदारी कर वापस अपने घर महली लौट रहा था। बरुइन गांव के पास सड़क के किनारे खड़े होकर धूप से बचने के लिए सिर पर गमछा बांध रहा था। इसी बीच ट्रैक्टर चालक ट्राली बैक करने लगा। बैक करने के दौरान लोगों ने आवाज भी लगाया। लेकिन चालक उस आवाज को नहीं सुन पाया की लोग चिल्ला रहे है की पीछे युवक खड़ा है, चालक आवाज नहीं सूना और साइकिल सवार के ऊपर ट्रैक्टर की ट्राली चढ़ गया । जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वही घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। आस पास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।



## एक दुकान का लाइसेंस निलंबित, दो को नोटिस



सोनभद्र। वर्तमान में खरीफ फसलों की बुआई में बीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने हेतु जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में सभी तहसीलों में बीज की दुकानों पर कृषि विभाग के अधिकारियों की गठित संयुक्त टीम द्वारा औचक छापेमारी की गई। झारखंड एवं छत्तीसगढ़ से लगे सीमावर्ती सुदूर दुद्धी तहसील के विण्ढमगंज एवं दुद्धी कस्बों में बीज के दुकानों पर जिला कृषि अधिकारी डा हरि कृष्ण मिश्रा एवं सहायक निदेशक मत्स्य की संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी की कार्यवाही की।

जिसमे में न्यू शिखर ट्रेडर्स प्रो राकेश कुमार की दुकान के लाइसेंस को निलंबित किया गया। क्योंकि उनके द्वारा कृषकों को बिल न दिया जाना आदि अनियमित्तताए पाई गई, साथ ही बीजों की गुणवत्ता संदिग्ध प्रतीत होने मक्का का नमूना ग्रहीत कर प्रयोगशाला भेजा गया। छापेमारी के समय दुकान बंद कर भागने वाले बिंदमगंज के में चंदन बीज भंडार प्रो चंदन कुमार, दुद्धी के में सुनील बीज भंडार, में सुनील कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बीज विक्रेताओं को आगाह किया है की केवल गुणवत्तापूर्ण बीजों का ही विक्रय कृषकों को करें साथ ही उन्हें बिल अवश्य दें। समस्त बीज विक्रेता दुकान में समस्त बीजों को स्टॉक/वितरण रजिस्टर में अपरिहार्य रूप से अंकित करें। कृषकों का शोषण किसी भी स्थिति में बर्दास्त नही किया जाएगा।

## ट्रक के धक्के से दो बाइक सवार घायल

विंढमगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाली रांची रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित घीवही ग्राम पंचायत अंतर्गत हिंडालको द्वारा संचालित हॉस्पिटल के पास पुलिया पर कोयला लदी ट्रक ने दो मोटरसाइकिल सवार को धक्का मार दिया जिसके कारण मोटरसाइकिल पर सवार दीपक यादव 28 पुत्र मानिकचंद यादव निवासी ग्राम जोरूखाड लगभग 20 फीट नीचे पुलिया में जा गिरा, जबकि दूसरा मोटरसाइकिल सवार मनोज कुमार 27 पुत्र राम केश्वर निवासी जोरूखाड को भी चोट लगी है। जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा निजी वाहन से प्राथमिक उपचार हेतु दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।सूचना पर पहुंची स्थानीय प्रशासन ट्रक को अपने कब्जे में कर लिया है। थाना क्षेत्र के जोरूखाड़ ग्राम पंचायत निवासी दीपक यादव पुत्र मानिकचंद यादव, मनोज पुत्र रामकेश्वर दोनों दोस्त अपने-अपने बाइक में कोलिनडूबा में स्थित पेट्रोल टंकी पर पेट्रोल लेने के लिए आए थे। पेट्रोल लेकर वापस जाने के क्रम में घिवही ग्राम पंचायत में हिंडालको जन सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से स्थित अस्पताल के पास पुलिया पर विंढमगंज की ओर से दुद्धी जा रही कोयल लदी ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को पीछे से धक्का मार दिया जिसके कारण दीपक मोटरसाइकिल से गिरते हुए लगभग 20 फीट नीचे पुलिया में जा गिरा, जिसके कारण उसके हाथ व पैर फैक्चर हो गया तथा मनोज कुमार को भी चोट लगी। दुर्घटना के पश्चात स्थानीय लोगों ने घायलों को बेहतर इलाज के लिए दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

## आपात स्थिति में बचाव के लिए एनडीआरएफ का मॉक अभ्यास

मीरजापुर। मीरजापुर में लगे कालीखोह रोपवे पर किसी प्रकार की आपात स्थिति में होने पर बचाव के रोकथाम हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पुलिस विभाग, एनडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग सहित अन्य हित धारकों ने कालीखोह स्थित रोपवे पर संयुक्त माक अभ्यास किया। इस माक अभ्यास की भूमिका राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्राप्त मार्गदर्शन के क्रम में



जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, एनडीआरएफ 11 बटालियन उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 सत्यप्रकाश सिंह के द्वारा बुधवारा को टेबल टॉप एक्सरसाइज के माध्यम से तैयार किया गई थी। विभाग द्वारा कुछ ऐसी स्थिति (पटकथा) बनाई गयी जिसके अनुसार यह प्रतीत हुआ कि रोपवे फेल हो जाने के कारण रोपवे ट्रॉली में कुछ लोग फंस गए हैं एवं रोपवे स्थल पर आग लग गयी है। तत्क्रम में माक अभ्यास में एनडीआरएफ द्वारा रोपवे रेस्क्यू करके प्रभावितों को बचाया गया एवं अग्निशमन विभाग द्वारा लगी हुई आग पर काबू पाया गया। उप कमांडेंट, एनडीआरएफ 11 बटालियन संतोष कुमार की अगुवाई में एनडीआरएफ टीम ने इस संयुक्त माक अभ्यास में भाग लिया। इस पूरे माक अभ्यास को इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम के तहत किया गया जिससे आपसी समन्वय और तैयारियों का परीक्षण तथा सभी विभागों को इस प्रकार के आपात के दौरान अपनी अपनी भूमिका निभाने के बारे में पता चला और आपदा के प्रभाव को कम करने की संभावना पर ध्यान दिया गया।



## कृषकों के हित में अंतर विभागीय संयोजन के साथ बनाएं कार्ययोजनाः जिलाधिकारी

भदोही। जिलाधिकारी विशाल सिंह की अध्यक्षता में फर्टिलाइजर व खेत तालाब योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना आदि बिंदुओं पर गुरुवार को बैठक हुई। प्रभारी उपनिदेशक कृषि डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि खरीफ फसलों में कृषको को गुणवत्तायुक्त रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने एंव निर्धारित मूल्य पर पी.ओ.एस. मशीन के माध्यम से बिक्री व कृषको को रसीद उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया है। साधन सहकारी समिति लि. पर डी.ए.पी. एवं यूरियां की पर्याप्त उपलब्धता है। जिलाधिकारी विशाल सिंह ने भूमि संरक्षण व खेत तालाब के संदर्भ में संबंधित जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कृषकों के हित में अंतर विभागीय संयोजन के साथ कार्ययोजना बनाएं। समन्वित योजना से किसानों की स्थिति में परिवर्तन आए। भूमि संरक्षण से जुड़े सभी कार्यों से भूमि में गुणात्मक सुधार भी सुनिश्चित हो। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि को निर्देशित किया कि एक सप्ताह में समन्वित कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करें। वर्षा कल के संचयन एवं भू जलस्तर के रिचार्जिंग हेतु जनपद में खेल तालाब योजना प्रस्तावित है। बंजर भूमि को सुधार कर कृषि उत्पादन योग बनाया जाने का उद्देश्य है।

## हादसे से हुई मौत मामले में 50 दिन बाद मुकदमा

गोपीगंज। पिता की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत की एफआईआर करने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर मीनाक्षी कात्यायन से गुहार लगाने के 50 दिन बाद पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। बताया जाता है कि मृतक का पुत्र राजू बिंद पुत्र स्वर्गीय नंद लाल निवासी महुआरी जंगीगंज ने पुलिस अधीक्षक डॉ .मीनाक्षी कात्यायन को पत्र लिखकर बताया कि प्रार्थी के पिता नन्दलाल पुत्र स्व. रामअवध उम्र लगभग 54 वर्ष गत 30 मई को समय लगभग रात 09:30 बजे जंगीगंज बाजार में जी.टी. सड़क किनारे पैदल आ रहे थे कि किसी अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति से बेहद लापरवाही पूर्वक चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दिया और अज्ञात वाहन सहित फरार हो गया। प्रार्थी के पिता को अत्यन्त गम्भीर चोटे आई। जिन्हे सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा जिला अस्पताल ज्ञानपुर ले जाया गया जहां इलाज के दौरान एक मई को उनकी मृत्यु हो गयी।

## दो करोड़ 75 लाख के प्रस्ताव पारित



केराकत। विकास खण्ड सभागार में ब्लॉक प्रमुख सरोजा देवी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न हुई, जिसमें दो करोड़ 75 लाख का प्रस्ताव पास किया गया। खंड विकास अधिकारी पवन कुमार ने बैठक के एजेंडे के बारे में जानकारी दी। बैठक में ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाया जाएगा।

बैठक में एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 और 23-24 में कुल 995 प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास विकास खण्ड को प्राप्त हुए थे जिनमें से नब्बे फीसदी से ज्यादा पूर्ण हो गए हैं। बैठक में उक्त के अलावा मनरेगा, राज्य वित्त, केंद्रीय वित्त, वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन योजना, वृक्षारोपण, जलजीवन मिशन, स्वास्थ्य एवं टीकाकरण पर चर्चा की गई। केंद्रीय वित्त और राज्य वित्त अंतर्गत नाली, खंड़जा और इंटरलॉकिंग कार्य हेतु दो करोड़ पचहत्तर लाख का प्रस्ताव पारित किया गया। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख सरिता देवी, डाक्टर जितेंद्र सिंह पशु चिकित्साधिकारी, जेई एमआई धनपत नारायण, वरिष्ठ सहायक संतोष श्रीवास्तव, आंकिक हरदयाल, एडीओ समाज कल्याण दिनकर, ब्लॉक मिशन प्रबंधक सूरज सिंह और भारी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य और प्रधान उपस्थित रहे।

**सेल्फ लोडिंग मिक्सर मशीन में आई खराबी से लगा जाम :** खेतासराय। भरे बाजार में गुरुवार को एक सेल्फ लोडिंग कंक्रीट मिक्सर मशीन में आई खराबी के चलते सड़क पर वाहनों का पहिया थम गया। पुलिस ने ट्रैक्टर से मिक्सर मशीन को टोचन कराकर हटवाया।

आधा घंटा तक चले जाम से राहगीरों को राहत मिली। जानकारी के अनुसार एक सेल्फ लोडिंग कंक्रीट मिक्सर मशीन जौनपुर की ओर जा रहा था। बाजार में पुराना यूनियन बैंक स्थल और गुलशन मार्केट के बीच अपराह्न चार बजे सेल्फ लोडिंग कंक्रीट मिक्सर मशीन का इंजन बंद हो गया। इस बीच मिक्सर मशीन के बगल से वाहन निकालने के समय एक साथ आमने सामने से आने वाले वाहन फंस गये जिससे चौराहा से लेकर पूरी बाजार में जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक एक करके वाहनों को निकलवाया। आधा घंटा तक मिक्सर मशीन स्टार्ट नहीं हो पाया तो पुलिस ने एक ट्रैक्टर से टोचन कराकर मिक्सर मशीन को हटवाया। आधा घंटा बाद चार बजे जाम समाप्त हुआ।

संपादकीय

## योग की बढ़ती लोकप्रियता

बीते सालों में योग दिवस की सार्थकता बढ़ी है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, योग गुरु बाबा रामदेव और श्री श्री रविशंकर को दिया जा सकता है। प्रधानमंत्री की पहल से ही ह्लअंतर्राष्ट्रीय योग दिवसह्न मनाया जाने लगा है। हर साल 21 जून को यह दिवस मनाया जाता है। 21 जून, साल का सबसे लंबा दिन होता है और योग भी लंबी आयु के लिये जरूरी है। योग और 21 जून के बीच यह समानता अद्भुत है। सबसे पहले इस दिवस को वर्ष 2015 में मनाया गया था। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 सितम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए योग दिवस मनाने की वकालत की थी। कालांतर में 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र में 193 सदस्यों ने 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

भले ही 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' का आगाज 21 जून 2015 को किया गया, लेकिन भारत में इसका इतिहास 10,000 सालों से भी अधिक पुराना है। योग का जिक्र ऋग्वेद में भी है। सिंधु घाटी सभ्यता के समय के पशुपति की मुहर (सिक्का) में भी योग की मुद्रा में विराजमान आकृति पाया गया है। उपनिषद में भी शारारिक अभ्यासों का उल्लेख मिलता है। योग के मौजूदा स्वरूप का वर्णन कठोपनिषद में भी मिलता है। भगवद गीता के साथ-साथ महाभारत के शांतिपर्व में भी योग का विस्तृत उल्लेख है।

महर्षि पंतजलि को योग का पिता माना गया है। महर्षि पतंजलि योगदर्शन को सार्वभौम एवं भारतीय संस्कृति का मूलमंत्र मानते थे। उनके द्वारा लिखे योग सूत्र को योग का सार माना गया है। इन सूत्रों में योग की उत्पत्ति एवं उद्देश्य अंतर्निहित हैं। योग को 3 भागों, पहला, ज्ञान योग या दर्शनशास्त्र, दूसरा, भक्ति योग या भक्ति आनंद का पथ और तीसरा कर्म योग या सुखमय कर्म पथ में बांटा गया है। संस्कृत धातु 'युज' से योग शब्द की उत्पत्ति हुई है, जिसका अर्थ है, आत्मा का परमात्मा में मिलन। वैसे, आमजन के लिये यह शारीरिक व्यायाम का ही पर्याय है, जबकि वास्तविकता में यह व्यायाम के साथ-साथ भावनात्मक व आध्यात्मिक समेकन का प्रतीक है।

योग एक प्राचीन भारतीय जीवन-पद्धति है, जिसकी मदद से शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का काम किया जाता है। शरीर, मन और मस्तिष्क को पूर्ण रूप से स्वस्थ रखने में भी यह सहायक है।

योग के माध्यम से न सिर्फ बीमारियों का दूर किया जा सकता है, बल्कि शारीरिक एवं मानसिक तकलीफों का भी ईलाज किया जा सकता है। योग शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाकर जीवन में नव-ऊर्जा का संचार करता है। यह विचारों पर संयम रखने का भी साधन है। साथ ही, योग की आसन और मुद्राएं तन एवं मन दोनों को क्रियाशील बनाये रखती हैं।

बिहार के मुंगेर जिले में अवस्थित वृहद पुस्तकालय से सुसज्जित बिहार योग विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्यात है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 1964 में स्वामी सत्यानंद सरस्वती ने की थी, जिसका मकसद इस प्राचीन विद्या का प्रचार-प्रसार पूरे विश्व में करना था। यह योग प्रशिक्षण प्रदान करने वाला एकमात्र योग विश्वविद्यालय है, जिससे 200 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय एवं सैकड़ों राष्ट्रीय योग एवं आध्यात्मिक केन्द्र जुड़े हुए हैं। इस विश्वविद्यालय को मानद विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है। मौजूदा समय में यह विश्वविद्यालय गुरुकुल शैली में योग पाठ्यक्रम संचालित करता है। योग दर्शन, योग मनोविज्ञान, व्यवहारिक योग एवं पर्यावरण योग विज्ञान पर आधारित एक व दो वर्षों के पाठ्यक्रम बेहद ही लोकप्रिय हैं। यहाँ विश्व के कोने-कोने से विद्यार्थी अध्ययन करने के लिए आते हैं और अपने देश लौटकर वे योग केंद्र का संचालन करते हैं।

जब से ह्लअंतर्राष्ट्रीय योग दिवसह्न मनाया जाने लगा है, तब से इसकी लोकप्रियता में तेजी से इजाफा हो रहा है। इसका एक महत्वपूर्ण कारण इससे होने वाले फायदे हैं। आज की तारीख में इंसान स्वार्थ, क्रोध, ईर्ष्या, घृणा आदि मानवीय विकारों से ग्रस्त है, लेकिन इनपर योग की मदद से काबू पाया जा सकता है और लोग योग के जरिये ऐसा करने में सफल भी हो रहे हैं। जीवन में नियमित आसन और प्राणायाम शरीर एवं मन को निरोगी बनाता है। सच कहा जाये तो योग नियमों के पालन से हमारा जीवन अनुशासित हो जाता है। आज योग से बच्चे, जवान और बूढ़े सभी लाभान्वित हो रहे हैं। कुछ लोग तो इसके आध्यात्मिक पक्ष को अपने जीवन में उतार कर सम्पूर्ण जीवन का आनंद ले रहे हैं।

कोरोना काल में योग ने लाखों लोगों को स्वस्थ रखने में मदद की, अन्यथा कोरोना महामारी के दौरान असमय कालकवलित होने वालों की संख्या ज्यादा होती। ऐसे में यह कहना समीचीन होगा कि लोग इससे जिस तरह से लोग लाभान्वित हो रहे हैं से लगता है कि इसकी लोकप्रियता का परचम जल्द ही पूरे विश्व में लहरायेगा। हालाँकि, भारत में योग को लेकर आंशिक राजनीति भी कर रहे हैं। कुछ लोग इसे सूर्य नमस्कार से जोड़ रहे हैं, लेकिन ऐसे आरोप निराधार हैं। यह सच है कि इसे दिवस बनाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहल की थी, लेकिन यह दिवस सिर्फ और सिर्फ मानव स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़ा है। - सतीश सिंह

## पलटुरामों की राजनीति



भारत देश में लोकतांत्रिक शासन है, इस शासन का अभिप्राय यह है कि जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा शासन। परन्तु राजनीतिक क्षेत्र में दल बदलु प्रवृत्ति अर्थात स्वतंत्रता का अत्यधिक उपयोग किए जाने कारण सरकार के अस्तित्व में अस्थिरता बनी रहती है। वर्ष 2024 की लोकतांत्रिक राजनीति में पलटुराम नेतागण अवतरित हो गए हैं। उपरोक्त दोनों ही प्रकार की प्रवृत्ति से युक्त नेतागण किसी भी सरकार के स्थायित्व के लिए संकट स्वरूप होते हैं। देश की समृद्धि एवं विकास के लिए स्थिर सरकार का होना अति आवश्यक होता है। दलबदलु एवं पलटुराम नेतागण जनता के विश्वास तथा भारतीय राजनीति की छवि को अपने तुच्छ स्वार्थ के कारण खंडित कर देते हैं और जनता के द्वारा चुनी सरकार को अस्थिर बनाते हैं। देश के प्रति प्रतिबद्धता तथा प्रेम का भाव प्रत्येक व्यक्ति में होना चाहिए।

प्रत्येक राजनेता से जनता की यह अपेक्षा रहती है कि वे उनके द्वारा चयनित होने के पश्चात अपनी कर्तव्यनिष्ठा व प्रतिबद्धता उस प्रमुख दल के साथ पूर्ण निष्पक्षता के साथ बनाए रखें। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के 240 उम्मीदवार चुनकर आए परन्तु सरकार के गठन हेतु 272 उम्मीदवारों की आवश्यकता होती है, अर्थात 32 सीटों की कमीं को पूर्ण करने के लिए बिहार के प्रमुख नेता नीतीश कुमार, जिनकी पार्टी (जनता दल यूनाटेड) के 12 सदस्य निर्वाचित हुए और आन्ध्र प्रदेश के प्रमुख नेता चन्द्रबाबू नायडू, जिनकी पार्टी (तेलगु देशम पार्टी) के 16 सदस्य विजयी हुए, को एनडीए सरकार में सम्मिलित किया गया।

मोदी सरकार के गठन के पश्चात अब यह अफवाह सुनने को मिल रही है कि उपरोक्त दोनों बैसाखी स्वरूप दल, मोदी सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें निहित सत्यता को स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता, परन्तु यदि हम दोनों नेताओं के अतीत पर दृष्टिपात करे, तो स्पष्ट होता है कि ये दोनों ही प्रमुख नेतागण विभिन्न सरकारों के कार्यकाल में अनेकों बार अपनी पलटूराम प्रवृत्ति के कारण कई सरकारों को खंडित व निर्मित कर चुके हैं, इस प्रकार की प्रवृत्ति के नेतागणों के कारण ही भारतीय राजनीति में अस्थिरता का वातावरण उत्पन्न होता रहा है, अभिप्राय यह है कि इन दोनों ही नेतागण को सरकार तोड़ने का पुराना अनुभव है। अत: मोदी जी को इन दोनो बैसाखियों पर पूर्ण विश्वास करने की गलती नहीं करनी चाहिए। समस्त जनता की ईश्वर से प्रार्थना है कि इन दोनों सम्मानित नेताओं में एनडीए के प्रति पूर्ण निष्ठा व प्रतिबद्धता बनी रहे।

देश में एक कानून यह भी लागू होना चाहिए कि जो सरकार एक बार जनता के द्वारा चयनित की गई हो वह अपने कार्यकाल (5) को पूर्ण अवश्य करें, क्योंकि जनता की सरकार, जनता के द्वारा, जनता के लिए 5 वर्ष के लिए चयनित की जाती है। कोई भी सरकार देश की प्रगति में तभी सक्षम होगी, जब वह अपना 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करें।

**योगश मोहन**
**(वरिष्ठ पत्रकार और आईआईएमटी यूनिवर्सिटी की कुलाधिपति)**

# लोकसभा में पहली बार भाकपा माले के दो सांसद

**रविभूषण**

50 वर्ष पहले (1974) में जिस भाकपा माले (लिबरेशन) की स्थापना हुई थी। अब 18 वीं लोकसभा में पहली बार बिहार से उसके दो सांसद होंगे - सुदामा प्रसाद (02.02. 1961) और राजाराम सिंह (1958)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पहली बार 1964 में विभाजित हुई थी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) का जन्म हुआ था। 3 वर्ष बाद 25 मई 1967 को माकपा भी विभाजित हुई। 2 वर्ष बाद लेनिन की जन्म तिथि पर 22 अप्रैल 1969 को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) का जन्म हुआ। चारु मजुमदार (12.3.1918 - 28.8.1972) इसके पहले महासचिव थे। उनकी हत्या के बाद पार्टी बिखर गई। कई धड़ों में बंट गई। बाद में 1974 में भाकपा-माले का सुब्रत दत्त (जौहर) के नेतृत्व में पुनर्गठन हुआ। 28 जुलाई 1974 को, चारु मजुमदार की दूसरी पुण्यतिथि पर गठित इस दल के जौहर महासचिव बने थे और विनोद मिश्र एवं स्वदेश भट्टाचार्य सदस्य थे। अप्रैल 1982 में आईपीएफ का गठन हुआ था। तीसरी पार्टी कांग्रेस में संसदीय चुनाव में आईपीएफ के भाग लेने का निर्णय लिया गया था। नौवीं लोकसभा में रामेश्वर प्रसाद ने आईपीएफ से आरा की संसदीय सीट पर काफी मतों से जीत हासिल की थी। 1990 में आईपीएफ (इंडियन पीपुल्स फ्रंट) ने बिहार विधानसभा की सात सीटें जीती थीं। लोकसभा में आईपीएफ का सांसद बनने से पहले 1985 में पार्टी ने असम के कर्बी आंगलोंग जिला में पीडीएफ (पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट) का गठन किया था, जिसने असम राज्य विधानसभा में एक सीटी जीती थी। जयंत रोंगपी 1991 से 2004 तक असम के स्वायत्त जिला निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के सांसद रहे थे। 1999 में वे भाकपा माले के प्रत्याशी थे।

भाकपा माले एक राज्य पार्टी है। कामरेड विनोद मिश्र के बाद दीपंकर भट्टाचार्य 1998 से इस पार्टी के महासचिव हैं। इस पार्टी का मुख्य क्षेत्र बिहार और उसके बाद झारखंड है। उत्तर प्रदेश और पंजाब में भी यह पार्टी कार्यरत है। अन्य प्रदेशों में भी अपने विचारों से यह लोगों को प्रभावित कर रही है। बिहार के 16 वें विधानसभा में इसके तीन विधायक थे। इसके पहले 1989 में बिहार में इसके एक विधायक थे। बिहार के पिछले विधानसभा चुनाव (2020) में इसके 12 निर्वाचित विधायक हैं और अभी झारखंड में एक विधायक है। 18 वें लोकसभा चुनाव में भाकपा-माले ने चार सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे जिनमें से दो सीटों पर उन्हें जीत मिली है। बिहार में अभी ज्वाला शेष है। समर शेष है। लोकसभा चुनाव में भाकपा-माले के दो प्रत्याशियों की जीत सामान्य घटना नहीं है। बिहार में भाजपा और राजद के बाद माले तीसरे स्थान पर है। यह पार्टी इंडिया गठबंधन में शामिल है । आरा भाकपा-माले का गढ़ है। यहीं से 1989 में रामेश्वर प्रसाद जीते थे। 18वीं लोकसभा में पूर्व भारतीय अफसर और केंद्रीय मंत्री आर के सिंह (राजकुमार सिंह) को भाकपा-माले के उम्मीदवार सुदामा प्रसाद द्वारा हराना एक बड़ी घटना है। सुदामा प्रसाद को 48.28% वोट प्राप्त हुए और आर के सिंह को 42.82 प्रतिशत। पिछले चुनाव में माले उम्मीदवार राजू यादव को 38.79 प्रतिशत और आरके सिंह को 52.42 प्रतिशत मत मिले थे। इस बार माले का वहां 10% वोट बढ़ा है और भाजपा का 10% घटा है। सुधीर सुमन ने अपनी एक कविता 'वीर कुंवर सिंह के प्रति' में लिखा है 'न थमी आतंक की आंधियां /न थमा काले धन का समुद्री ज्वार/ रंग बिरंगी रोशनियों के जाल बिछते रहे/ नकली दावेदार आते रहे/आरतियां उतारते रहे/जाति संप्रदाय के ठेकेदार/जनता के उद्धारक/विकास के ठेकेदार/ खतरनाक कीट-पतंग/मंडराते रहते यहां/मगर आग खत्म नहीं हुई/... वह आग तो जनता के हृदय में है/जहां चोट पड़ते ही वह फूट पड़ती है/दावानल बनकर।'

जनता के भीतर की आग मतदान में दावानल बनाकर फूट पड़ी। सुदामा प्रसाद और आरके सिंह में कोई तुलना इस अर्थ में नहीं है कि आरके सिंह 1975 बैच के बिहार कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रहे हैं। भारत के पूर्व गृह सचिव भी (30 जून 2011 - 30 जून 2013)। उन्होंने सेंट स्टीफंस कॉलेज, दिल्ली और नीदरलैंड के डेल्फट यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलॉजी से उच्च शिक्षा प्राप्त की। एल एल बी किया। प्रबंधन में डिप्लोमा किया। वे अफसर से नेता बने। 13 दिसंबर 2013 को भाजपा में शामिल हुए और 2014 तथा 2019 में चुनाव जीत कर सांसद बने, मंत्री भी। सुदामा प्रसाद उनसे उम्र में 8 वर्ष छोटे हैं। वह पहले संस्कृति कर्मी थे। नाट्य संस्था 'युवानीति' में रहकर लगभग 5 वर्ष तक अनेक राज्यों में उन्होंने दर्जनों नाटक किया। 1999 में अपराधियों ने उन पर ग्रेनेड से हमला भी किया था। उन्हें यातनाएं दी गईं। वे जेल गए। 40 बरस से अधिक का जनता से उनका सीधा संबंध रहा है। आरके सिंह ने भाजपा में शामिल होने के बाद भाजपा को 'राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने वाली एकमात्र पार्टी' कहा था। उनके बायो-डाटा और सुदामा प्रसाद के बायो-डाटा में कोई तुलना नहीं है। इसी प्रकार जनता के दुख-सुख से सुदामा 40 दशक से जिस तरह से जुड़े



रहे हैं, उसके लक्षांश की भी उम्मीद आरके सिंह से नहीं की जा सकती। सुदामा का जीवन सामान्य जन के साथ बीता है। आरके सिंह के जीवन और जनता के जीवन में हजारों कोस का फासला है। आरा संसदीय क्षेत्र के सात विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में से दो क्षेत्र के विधायक भाजपा के हैं, तीन राजद के और दो माले के। आरा से भाजपा के ही विधायक थे। सुदामा पहले विधायक थे। अब वह सांसद हैं। जनता से उनकी घनिष्ठता है। उनकी चिंता में खेती, व्यवसाय, रोजगार, लोकतंत्र, संविधान और महंगाई है। उनकी जीत इन मुद्दों की जीत है। आरके सिंह ने पिछले 10 वर्ष में जनता से अपने को नहीं जोड़ा। वह 'प्रवासी पक्षी' की तरह आते रहे। सुदामा प्रसाद ने उन्हें लगभग 60 हजार मतों से हराया है।

बिहार से माले के दूसरे सांसद काराकाट लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से विजई हुए। राजाराम सिंह ने भोजपुरी गायक और अभिनेता पवन सिंह को एक लाख से अधिक मतों से हराया है। पवन सिंह निर्दलीय उम्मीदवार थे और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा भी यहां से पराजित हुए। आरा में जहां दो के बीच संघर्ष था, वहां काराकाट में त्रिकोणी संघर्ष था। राजाराम सिंह भाकपा-माले के पोलित ब्यूरो के सदस्य भी हैं। उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग में बीएससी की है। काराकाट 2009 में संसदीय क्षेत्र बना। पहले यह बिक्रमगंज लोकसभा क्षेत्र था। बाद में इसका नया परिसीमन हुआ। चावल उत्पादन के लिए विख्यात इस क्षेत्र में चावल की लगभग 400 मिले हैं। राजाराम सिंह 1995 और 2000 में इस क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं। बिहार की चुनावी राजनीति में इस समय भाकपा-माले की अच्छी स्थिति है। बिहार से ही नहीं, हिंदी प्रदेश से भी पिछली कई लोकसभाओं में वामपंथी दल का कोई सांसद नहीं था। जिस देश में 80 करोड़ जनता को 5 किलो अनाज दिया जा रहा हो, वहां वाम दलों की जितनी सशक्त उपस्थिति अनिवार्य थी, वह संभव नहीं हुई। एक समय बेगूसराय को बिहार का लेनिनग्राद भी कहा जाता था। बिहार के अलावा अन्य हिंदी भाषी राज्यों में विशेषतः उत्तर प्रदेश में समाजवादी सांसद बनते थे, कम्युनिस्ट पार्टी के नहीं। पहली बार 68 वर्षीय अमराराम फरसवाल इस बार राजस्थान के सीकर से माकपा के सांसद बने हैं। उन्होंने भाजपा के प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती को 70 हजार से अधिक मतों से हराया है। विधानसभा में सात बार चुनाव लड़कर चार बार उन्होंने जीत हासिल की थी। लोकसभा चुनाव में छ बार लड़े थे और इस बार वे जीते । वे किसान नेता है और अखिल भारतीय किसान महासभा के उपाध्यक्ष रहे हैं। हिंदी प्रदेश से अब वामदलों के तीन सांसद हैं। एक समय माकपा की सरकार पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में थी। अब वामदलों का एक भी सांसद इन दोनों राज्यों से नहीं है। केरल भी माकपा का अपना राज्य रहा है। वहां अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित संसदीय सीट अलथूर से के राधाकृष्णन माकपा के अकेले सांसद हैं जो केरल विधानसभा में मंत्री थे और जिन्होंने आधिकारिक रिकॉर्ड से 'कॉलोनी' शब्द इसलिए हटवाया क्योंकि इसका संबंध गुलामी से है। एन के प्रेमचंद्रन पुनः कोल्लम (केरल) से माकपा के प्रत्याशी को हराकर आरएसपी (रिवॉल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी) के सांसद बने हैं। वह 11वीं, 12वीं लोकसभा (1996, 1998) के सांसद थे, फिर 16वीं 17वीं लोकसभा के बाद 18वीं लोकसभा के सांसद हैं। वाम दलों के सांसद लोकसभा में भाजपा के बहुमत प्राप्त करने और नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद कम होते गए हैं। दक्षिणपंथी विचारधारा से वामपंथी विचारधारा ही मुकाबला कर सकती है। पर वामदल सक्रिय नहीं है। तमिलनाडु अकेला राज्य है जहां से इस बार वामदलों के चार सांसद हैं - भाकपा और माकपा से दो-दो। भाकपा के दोनों सांसदों ने अन्ना द्रमुक के प्रत्याशी को लोकसभा चुनाव में पराजित किया है। तिरुपुर संसदीय सीट से के सुब्बा नारायण और अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट नागापट्टिनम से बी सेल्वराज भाकपा (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी) के सांसद हैं। लोकसभा का चुनाव लड़कर जीत हासिल करने वाले कवियों और लेखकों की संख्या नाम मात्र की रही है। मदुरई (तमिलनाडु) से विजयी माकपा सांसद एस वेंकटेशन तमिल के सुप्रसिद्ध लेखक हैं। 'कवल कोट्टम' उपन्यास के लिए 2011 में उन्हें साहित्य अकादमी का पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। वह 17वीं लोकसभा में भी थे। अनेक पुरस्कारों से सम्मानित वेंकटेशन तमिलनाडु प्रगतिशील लेखक और कलाकार संघ के राज्य मानद अध्यक्ष हैं। तमिलनाडु से माकपा के दूसरे निर्वाचित सांसद डिंडीगुल संसदीय क्षेत्र से आर सच्चिदानंथम हैं। 18वीं लोकसभा में इस प्रकार माकपा के चार, भाकपा के दो और माले के दो सांसद हैं। मात्र 8 सांसद। क्या पहले भी यही स्थिति थी? वामदलों ने अपनी हार पर कभी गहरा आत्म चिंतन एवं आत्म मंथन नहीं किया है।

वामपंथी दलों को पुराने पन्ने उलटने चाहिए कि वे पहले की तरह प्रभावशाली और प्रासंगिक क्यों नहीं रहे? पहली लोकसभा (1952) से तीसरी लोकसभा (1962) तक कम्युनिस्ट पार्टी प्रमुख विपक्षी दल थी। पहले लोकसभा चुनाव में उसका 3.2 0% वोट था तथा उसके 16 सांसद थे। दूसरी लोकसभा 1957 में उसके सांसद बढ़कर 27 हुए थे और वोट प्रतिशत दुगना बढ़ गया था 8.92 । 1957 में केरल में कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार बनी थी। तीसरी लोकसभा (1962) में दो सीटें बढ़ीं (कुल 29) और वोट भी एक प्रतिशत बढ़कर 9.94 हुआ। चौथी लोकसभा चुनाव (1967) के पहले भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी विभाजित हो चुकी थी। चौथी लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र पार्टी दूसरे स्थान पर और भारतीय जनसंघ तीसरे स्थान पर था। पहली बार फॉरवर्ड ब्लॉक के दो सांसद निर्वाचित हुए। इस चुनाव में भाकपा के 23 और माकपा के 19 सांसद विजई हुए थे। फॉरवर्ड ब्लॉक के सांसदों के साथ चौथी लोकसभा में वाम दलों के कुल 44 सांसद थे और इन दलों का लगभग 10% वोट था। पांचवी लोकसभा (1971) में वामदलों की सांसद संख्या बढ़कर 50 हुई और वोट प्रतिशत 10 से अधिक रहा। छठी लोकसभा (1977) में भाकपा, माकपा, फारवर्ड ब्लॉक, आरएसपी के कुल सांसद 36 थे और 8% से कम वोट था। सातवीं लोकसभा (1980) में इन चार दलों की सीट संख्या बढ़कर 60 हो गई। आठवीं लोकसभा (1984) में भाकपा, माकपा, आरएसपी और फॉरवर्ड ब्लॉक के कुल सांसद 33 थे और वोट प्रतिशत भी कम था। 1989 की लोकसभा (नौंवी) में वाम दलों के 53 सांसद थे और 10 प्रतिशत से अधिक वोट था। 10वीं लोकसभा (1991) में वाम दलों का वोट प्रतिशत पहले की तरह था लगभग 10% और सांसदों की कुल संख्या 57 थी। 11वीं लोकसभा (1996) में वोट प्रतिशत के साथ सीट संख्या भी कम हुई। वाम दलों (भाकपा, माकपा, आर एस पी, फारवर्ड ब्लाक) के कुल 52 सांसद थे और 9.1 प्रतिशत वोट मिले थे। 12वीं लोकसभा (1998) में सीट घटकर 48 हुई और 2% वोट भी घटा। एक वर्ष बाद हुए 13वीं लोकसभा चुनाव (1999) में भाकपा की सीट घटकर चार हो गई थी और चार वाम दलों को कुल 42 सीटें मिली थीं। वोट प्रतिशत घटकर 7.64 हो गया था।

लोकसभा में वाम दलों की सीट 2014 के पहले कभी भी बहुत कम नहीं रही है। 14वां लोकसभा चुनाव 2004 में संपन्न हुआ था। पहली बार माकपा के सांसदों की संख्या 43 थी और लोकसभा में वाम दलों के 59 सांसद थे। 2004 में वामपंथी दल यूपीए का हिस्सा था। कांग्रेस और भाजपा के साथ संसद में इनका तीसरा स्थान था। 2009 तक वाम दलों के वोट प्रतिशत में अधिक कमी नहीं थी पर सांसदों की सीट बहुत घटी। 2004 में माकपा के 43 और भाकपा के 10 सांसद थे। 2009 में माकपा के मात्र 16 और भाकपा के चार सांसद थे । आरएसपी और फारवर्ड ब्लाक के दो-दो सांसदों को जोड़कर वाम दलों के कुल सांसदों की संख्या 24 थी। 16 वे लोकसभा चुनाव (2014) के बाद का दृश्य कुछ और है। वाम दलों का वोट प्रतिशत घटकर 4.55 हो गया और सीट बहुत अधिक घटी। 16वें लोकसभा चुनाव (2014) में माकपा को 9, भाकपा को एक और आरएसपी को एक सीट मिली थी। वोट प्रतिशत मात्रा 4.55 रहा। 17वीं लोकसभा चुनाव (2019) में वाम दलों की हालत अधिक खराब रही। माकपा के तीन, भाकपा के दो और आरएसपी के एक सांसद रहे। मात्र 6 सांसद। वोट प्रतिशत गिरकर 2.46 हो गया। इस बार वोट प्रतिशत नाम मात्र को बढ़ा है। अब 2.54 प्रतिशत है और संसद में (18वीं लोकसभा) में वाम दलों के 9 सांसद होंगे - माकपा के चार, भाकपा के दो, माले के दो और आरएसपी के एक। क्या माकपा और भाकपा को वस्तु स्थिति की समझ नहीं है? माकपा ने 18वीं लोकसभा में 52 और भाकपा ने 30 उम्मीदवार खड़े किए थे। जीते कितने ? माकपा के चार और भाकपा के दो।

विस्तार से यह सब लिखने का एकमात्र प्रयोजन वाम दलों की बेहतरी को लेकर है। यह समय चट्टानी एकता का है । माले के अब दो सांसद लोकसभा में होंगे। अगले वर्ष बिहार विधानसभा का चुनाव है। माले का कार्य जमीनी स्तर पर है। यह गरीबों, किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों की अपनी पार्टी है। वाम दलों के लिए चुनाव ही सब कुछ नहीं है। विभिन्न मुद्दों पर समय-समय पर आंदोलन प्रमुख है। मार्क्सवाद के अलावा हिंदुत्व को और कोई टक्कर नहीं दे सकता। बिहार से दो माले सांसदों की जीत सामान्य घटना नहीं है।

# योग है सुख और स्वास्थ्य की कुंजी

**गिरीश्वर मिश्र**

कहते हैं योग को यदि पूरी तरह से और गंभीरता से अपना लिया जाए तो वह आदमी का सबसे अच्छा और भरोसेमंद मित्र साबित होता है। यह अपने साधकों को दुःखों और क्लेशों से मुक्त करता है और सुखपूर्वक समग्रता या पूर्णता में जीने का मार्ग प्रशस्त करता है। वेदों से निकला हुआ योग शब्द शाब्दिक रूप से जुड़ने के अर्थ को व्यक्त करता है। अनुमानतः लगभग 200 वर्ष ईसापूर्व महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र्ह्व में प्राचीन ज्ञान को कुछ सूत्रों यानी थोड़े से शब्दों से बनी संक्षिप्त शब्द-ऋंखला में ग्रथित कर योग-विज्ञान के सिद्धांत और प्रयोग के निष्कर्षों को बड़े वैज्ञानिक ढंग से व्यवस्थित कर लोक-कल्याण के लिए प्रस्तुत किया। इसका उद्देश्य था मन में उठने वाली उथल-पुथल को रोकने, दैनिक जीवन में शांति स्थापित करने, और अंततः आत्मा और ब्रह्म का संयोग कराने के लिए मार्ग दिखाना। ध्यान, आसान, प्राणायाम और आध्यात्मिक नियमों के उपयोग को स्पष्ट करते हुए यह लघु ग्रंथ सहस्रों वर्षों से सबका मार्गदर्शक बना हुआ है। योग-दर्शन के अनुसार स्वास्थ्य और खुशहाली एक ऐसी स्थिति है जो मनुष्य की मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक दशाओं के संतुलन और गुणवत्ता पर निर्भर करती है।

वस्तुतः योग एक यात्रापथ भी है और यात्रा का लक्ष्य भी है। दिव्यता का निर्देश गुरु के माध्यम से मिलता है। यहाँ पर यह बताना भी उचित होगा कि दुर्गम जटिल संसार में दिव्य तत्व के प्रति समर्पण शांति पाने में लाभकर होता है। प्रभु-अनुग्रह के लिए समर्पण भी एक सक्रिय स्थिति या जीवन-प्रक्रिया है। परंतु योग के लिए यह समर्पण जरूरी नहीं है। निरीश्वरवादी भी योग में प्रवृत्त हो सकता है। स्मरण रहे कि शरीर-मन-संकुल में आने वाला सुधार केवल सतही उपकरण होता है। योग एक आध्यात्मिक अनुशासन है क्योंकि यह न केवल शरीर-मन-संकुल का सुधार करता है बल्कि इसके समुचित उपयोग की विधि भी बतलाता है। योग का उपयोग हमें योग के अभ्यास का अवसर देता है। योग हममें से जो श्रेष्ठ है उसे उपलब्ध कराता है। चेतन रूप से योग का उपयोग जीवन को समृद्ध करता चलता है।

स्मरणीय है कि एक अध्ययन-विषय के रूप में योग भारतीय दर्शनों में से एक है। प्रायः सभी भारतीय दर्शन उस सर्वव्यापी परमात्म तत्व को स्वीकार करते हैं जो सभी विद्यमान वस्तुओं में उपस्थित है। व्यक्ति और उस परम सत्ता में एकात्मता होती है। योग मार्ग वह पाठ है जो व्यक्ति-चैतन्य को विकसित और समृद्ध करता है ताकि जीवन में अधिक सामंजस्य (हार्मनी) का अनुभव शामिल हो सके और अंततः परमात्म तत्व के साथ एकता का अनुभव हो सके। जैसा कि उपनिषदों में वर्णित है हमारा अस्तित्व पाँच कोशों से बनी रचना है। इस रचना में शरीर, प्राण, मन, बुद्धि और आनंद के पाँच क्रमिक स्तर पहचाने गए हैं। योग का अभ्यास इन कोशों के बीच पारस्परिक संतुलन और चैतन्य लाता है और अस्तित्व के केंद्र परमात्म तत्व की ओर अग्रसर करता है। कह सकते हैं कि योग बाह्य से आंतरिक बुद्धि और आंतरिक से बाह्य बुद्धि की यात्रा है।

पातंजल योग-सूत्र बड़े ही सूक्ष्म ढंग से गूढ़ बातों को सामने रखते हैं। उन संक्षिप्त सूत्रों की विशद व्याख्या मनीषियों द्वारा कई तरह की जाती रही है। यह अष्टांग योग के नाम से प्रसिद्ध है। इसके आठ अंग हैं : यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। सारे सूत्रों को चार अध्यायों या पादों : समाधि, साधना, विभूति और कैवल्य, के अंतर्गत व्यवस्थित किया गया है। इसी में पूरे योग-शास्त्र का विवेचन निबद्ध है। समाधि पाद में बताया गया है कि अहं के विचार के साथ अपना तादात्मीकरण और परमात्मा के साथ या



उनके अंश के रूप में अपनी पहचान बनाना ही योग का मुख्य प्रतिपाद्य है। योगाभ्यास से चेतना का परिष्कार होता है ताकि मन परमात्मा की दिशा में अग्रसर हो। दुःख और पीड़ा का अनुभव जो जो अहं के जुड़ने के फलस्वरूप होता है दूर हो और साधक प्रसन्नतापूर्वक जीवनयापन कर सके। एकाग्रता मुख्य प्रतिपाद्य है। साधन पाद का विषय क्रिया-योग है । मन में उहने वाले विघ्न को नियंत्रित करने की विधि बताई गई है। विभूति पाद में विभिन्न सिद्धियों या असाधारण शक्तियों का वर्णन किया गया है। चौथे, कैवल्य पाद में उस वास्तविक स्वतंत्रता की बात की गई है जो योग से मिलती है।

आत्म-ज्ञान के लिए अष्टांग योग के अभ्यास के अनुगमन, जिसे राज-योग भी कहते हैं, की संस्तुति की जाती है। योग के आठ अंग हैं न कि एक के बाद एक आने वाले चरण या सोपान। साधक को इन पर साथ-साथ समानांतर रूप से चलना चाहिए। योगाभ्यास का उद्देश्य साधक को आत्मावलोकन ञ्च अपने विचारों और व्यवहारों और उनके परिणामों को देखना-समझना भी होता है। यम और नियम नामक पहले दो चरण नैतिकता और सदाचारपूर्वक जीवन जीने के लिए निर्देश देते हैं। जहां यम बाहरी दुनिया के साथ सम्बन्ध पर केंद्रित हैं वहीं नियम निजी आध्यात्मिक विकास और आत्मानुशासन की आदतों को बताते हैं। यम पाँच हैं : अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य (इंद्रियसुख का नियंत्रण) और अपरिग्रह (अनावश्यक वस्तुओं संचय/संग्रह) । बाह्य और आभ्यंतर इंद्रियों के संयम को यम कहते हैं। पतंजलि ने इनको ह्यमहाव्रतह्न कहा है जो जाति, देश और काल की सीमा से रहित सार्वभौम स्वरूप वाले हैं। यम वस्तुतः प्रतिबंध हैं जो सिर्फ.कर्म के स्तर पर ही नहीं बल्कि विचार और शब्द के स्तर पर भी लागू होते हैं। इन यमों को अपनाने पर योगाभ्यासी व्यक्ति को स्वतंत्रता मिलती है और खुली साँस लेने का अवसर मिलता है। इनके अतिरिक्त पाँच नियम हैं जो वस्तुतः सदाचार के पालन पर बल देते हैं। ये हैं : शौच (पवित्रता), संतोष, तप (इच्छाओं का शमन), स्वाध्याय (आध्यात्मिक ग्रंथों तथा स्वयं का अध्ययन) और ईश्वर-प्रणिधान (परमेश्वर को आत्मार्पण। इस तरह यम और नियम योग पथ के राही के लिए कर्तव्य और अकर्तव्य की व्याख्या करते हैं। ये आत्म शोधन का भी काम करते हैं और अच्छे तथा सुखी जीवन का मार्ग प्रशस्त करते हैं। ये नींव रखने का काम करते हैं।

आसन और प्राणायाम शारीरिक अभ्यास हैं पर इनका आध्यात्मिक महत्व भी है। आध्यात्मिक विकास की ओर उन्मुख जीवन के लिए औंजार भी ठीक होना चाहिए। राह मालूम हो लक्ष्य भी ज्ञात हो पर चालक ठीक है या नहीं यह भी देखना होता है । सोद्देश्य जीवन के लिए शरीर ठीक रखना जरूरी है। यह पवित्र कर्तव्य बनता है कि शरीर को स्वस्थ रखा जाए। प्राणायाम से प्राण ऊर्जा का संचरण शरीर में स्वेच्छा से होता है, सिद्धियाँ भी आती हैं और मन की स्थिरता भी। वस्तुतः प्राणायाम और प्रत्याहार दोनों ही आंतरिक दुनिया की ओर उन्मुख होते है और इस अर्थ में पहले के तीन चरणों- यम, नियम और आसान- से भिन्न होते हैं है। प्राणायाम का अभ्यास लयात्मक स्वाँस द्वारा इंद्रियों के अंदर की ओर खोजने की दिशा में चेतना को ले चलना, अंदर के अध्यात्म के गहन अनुभव की ओर अग्रसर करना संभव हो पाता है। पहले के पाँच चरणों द्वारा बाद के तीन चरणों के लिए उर्वर आधार भूमि का निर्माण करते हैं। धारणा योग का छठाँ चरण है। इसके अंतर्गत साधक अपने अवधान की एकाग्रता एक दिशा में और लम्बे समय तक बनाए रखता है। यह परमात्म तत्व पर ध्यान केंद्रित करने की तैयारी है। बिना किसी व्यवधान के निर्बाध ध्यान करना साधक को सहकार का अवसर देता है। साधक का समग्र अस्तित्व - शरीर, श्वांस, इंद्रियाँ, मन, बुद्धि और अहंकार, ध्यान की वस्तु ञ्च सभी परमात्म तत्व के साथ एकीकृत हो जाते हैं। इस यात्रा का अंतिम पड़ाव समाधि है जिसमें परमात्म तत्व के साथ एकाकार होना होता है। तब अलगाव का भ्रम दूर हो जाता है और आनंद के साथ परम चेतना के साथ एकत्व का अनुभव होता है।

आधुनिक युग में भारत में योग के ऊपर अध्ययन-अनुसंधान लगभग एक सदी से हो रहे हैं। पश्चिमी देशों में योग की लोकप्रियता बढ़ने के साथ मनोचिकित्सा (थिरैपी) के रूप में इसके वैज्ञानिक विश्लेषण और शोध का तेजी से प्रचलन हुआ। अब अनेक मानसिक, साँवेगिक और शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं जैसे दुश्चिंता (ऐंजाइटी), अवसाद (डिप्रेशन), पाचन क्रिया से जुड़े रोग, हृदय रोग, अस्थमा, मधुमेह और कैंसर आदि पर योग-अभ्यास के प्रभाव जाँचे समझे जा रहे हैं। चिकित्सा और मनोविज्ञान के अंतर्गत योग द्वारा आध्यात्मिक परिष्कार पर ध्यान नहीं दिया गया है जो जीवन के प्रति दृष्टिकोण या जीवन के अनुभव को प्रभावित करता है। योगाभ्यास करने वाले प्रायः शरीर में विश्राम, मन में एकाग्रता और हृदय में शांति का अनुभव करते हैं। योग अपने को साधने की पराकाष्ठा या चरम बिंदु तक पहुँचा देता है। परंतु मनुष्य स्वभाव से अपूर्ण होता है। दिव्य या परमात्म तत्व ही उसे चरम उत्कर्ष (परफेक्शन) की ओर ले जाता है ।

# अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने उतरा इंग्लैंड बेहतर रन रेट से देनी होगी मात... तब बनेगी बात

## इंग्लैंड को अपने नेट रन रेट में सुधार करने के लिए अमेरिका पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी, जीत-हार को लेकर बढ़ी उत्सुकता




ब्रिजटाउन। गत चैंपियन इंग्लैंड को टी20 विश्व कप में अगर अपनी उम्मीदें जिंदा रखना हैं, तब इंग्लिश टीम को अमेरिका के खिलाफ रविवार को होने वाले सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। इंग्लैंड के बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी नहीं कर सके और मैच में हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया।

वेस्टइंडीज की अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत से ग्रुप में सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ रोमांचक हो गई है। ऐसी परिस्थितियों में इंग्लैंड को अपने नेट रन रेट में सुधार करने के लिए अमेरिका पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। द.अफ्रीका ने ग्रुप दो में अपने दोनों मैच जीते हैं और वह अभी शीर्ष पर काबिज है, लेकिन वेस्टइंडीज और इंग्लैंड की जीत से समीकरण बदल सकते हैं। तीनों टीम में अभी वेस्टइंडीज का नेट रन रेट बेहतर है। अभी किसी भी टीम ने सेमीफाइनल में सीट पक्की नहीं की है।

इंग्लैंड को अंतिम चार में जगह बनाने के लिए अमेरिका के खिलाफ कम से कम 10 रन या एक ओवर शेष रहते हुए जीत हासिल करनी होगी। अगर इंग्लैंड ऐसा करने में सफल होता, तब द.अफ्रीका की मुश्किल बढ़ जाएगी क्योंकि वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां तक कि सुपर ओवर में हारने पर भी वह बाहर होगा। यदि दक्षिण अफ्रीका जीत दर्ज करने में सफल रहता है और इंग्लैंड की टीम अमेरिका से हार जाती है तब फिर वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और अमेरिका में से जिसका नेट रन रेट बेहतर होगा, वह ग्रुप से दूसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। वहीं इंग्लैंड को अगर अपना नेट रन रेट सुधारना है, तब उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उसके बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ निराश किया। फिल साल्ट शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने अपने पिछले 10 टी20 मैचों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया है, लेकिन पिछले मैच में उनके जल्दी आउट होने से इंग्लैंड को धमाकेदार शुरूआत नहीं मिल पाई। कप्तान जोस बटलर और जॉनी बेयरस्टो बड़े शॉट नहीं लगा सके। हैरी ब्रूक (53) और लियाम लिविंगस्टोन (33) ने मोर्चा संभाला लेकिन इंग्लैंड अंतिम तीन ओवर में 25 रन नहीं बना सका। इसके बावजूद अमेरिकी गेंदबाजों के लिए इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना मुश्किल होगा।

**टीम इस प्रकार हैं :** इंग्लैंडः जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम करन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले और मार्क वुड। **अमेरिकाः** मोनंक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वैन शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर। रिजर्व खिलाड़ीः गजानंद सिंह, जुआनॉय ड्रिस्डेल, यासिर मोहम्मद।



फिलीपींस के पासे शहर में पुरुषों की वॉलीबॉल नेशंस लीग (वीएनएल) 2024 में कनाडा और ब्राजील के बीच मैच के दौरान ब्राजील की योंडी लील हिडाल्गो के खिलाफ गेंद को स्पाइक करते हुए कनाडा के आर्थर स्ज्वार्क।

# 90 किग्रा का वजन उठाने का प्रयास करेंगी चानू



नई दिल्ली। पेरिस खेलों में ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू की सफलता उनकी चोटों से मुक्त रहने की क्षमता पर निर्भर करेगी। मीराबाई ने कहा, वह इस महासमर की स्नैच स्पर्धा में 90 किग्रा का वजन उठाने का प्रयास करेंगी।

वर्तमान में मीराबाई चानू 49 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करती हैं। उन्होंने कहा कि सात अगस्त को उनकी स्पर्धा तक उनका ध्यान मासंपेशियों को चोटों मुक्त रखने और स्नैच में कम से कम 90 किग्रा का वजन उठाने के लिए तकनीक सुधारने पर लगा है। चानू ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) मीडिया से कहा, ह्यमेरे लिए चोटों का प्रबंधन और तनाव मुक्त रहना महत्वपूर्ण होगा। मुझे वही चीजें करनी होंगी जिससे मुझे उबरने में मदद मिली।

उन्होंने कहा, ह्यहम खिलाड़ियों के लिए चोटें और दर्द साथी होते हैं। ये कब परेशान करना शुरू कर दें, आपको नहीं पता। हमें इन पर विजय पानी होगी और पेरिस ओलंपिक से पता चलेगा कि मैं खेल के इन पहलुओं को कितना नियंत्रित करने में कामयाब हुई। चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का है। वह चोटों से जूझती रही हैं और पीठ की समस्या तो हमेशा ही रहती है। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की चोट से परेशान थीं जिससे वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं। यह स्टार भारोत्तोलक एशियाड पदक नहीं जीत सकी है।

चानू ने कहा, ह्यएशियाई खेलों की चोट के बाद विश्व कप मेरी पहली प्रतियोगिता थी। मैं निश्चित रूप से और चोट लगने से डरी हुई थी। मैं पेरिस ओलंपिक का मौका खराब नहीं करना चाहती थी। इसलिये चोट का डर था। उन्होंने कहा, ह्यकिसी भी भारोत्तोलक के लिए दो ओलंपिक में हिस्सा लेना बड़ी चीज है। विश्व स्तर पर हिस्सा लेना मुश्किल है। दूसरा ओलंपिक पदक जीतना मेरा और मेरे परिवार का सपना है लेकिन मैं यह भी जानती हूं कि सर्वश्रेष्ठ तैयारी भी ह्यफेल हो सकती है। बता दें कि चानू और उनकी टीम जुलाई के पहले हफ्ते में फ्रांस के ले फर्टे-मिलोन जायेगी जिससे उन्हें ओलंपिक से पहले परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के लिए एक महीने का समय मिल जायेगा।

## सानिया मिर्जा व मोहम्मद शमी कर रहे शादी?

मुंबई। टेनिस आइकॉन सानिया मिर्जा और मोहम्मद शमी दो सबसे सफल खिलाड़ियों में शामिल हैं। सानिया भारत की सबसे महान महिला टेनिस खिलाड़ी हैं, जबकि शमी चैंपियन तेज गेंदबाज हैं। हाल ही में दोनों की शादी की अफवाहें उड़ रही हैं। इन अफवाहों पर सानिया के पिता ने चुप्पी तोड़कर जबाव दिया है।

साल की शुरूआत में सानिया और पाकिस्तान क्रिकेट स्टार शोएब मलिक का तलाक हो गया था, वहीं शमी भी अपनी पत्नी हसीन जहां से अलग हो चुके हैं। हालांकि शादी की अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है। सानिया मिर्जा के पिता इमरान ने कहा, यह सब बकवास है। वह उनसे मिली भी नहीं है। सानिया ने हाल ही में हज की पवित्र यात्रा शुरू की, लगभग 5 महीने पहले उन्होंने अपने क्रिकेटर पति शोएब मलिक से अलग होने की घोषणा की थी। सानिया ने पेशेवर टेनिस से भी संन्यास ले लिया है। खेल आइकन ने खुलासा किया था कि वह अब एक परिवर्तनकारी अनुभव के लिए तैयार हो रही हैं।

# टी२० में क्रिकेट प्रेमी हुए निराश



नई दिल्ली। आईसीसी टी20 वर्ल्डकप में अब तक बल्लेबाजों का जलवा देखने को नहीं मिला जिसका लोग इंतजार कर रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह विकेटों का धीमा और आउट फील्ड का स्लो होना है। मैचों में ज्यादा रन नहीं बन सके।

गेंदबाजों के बल्लेबाज पर दबाव को इसी बात से समझा जा सकता है कि टूर्नामेंट में अब एक दर्जन से कम मैच बाकी हैं और सिर्फ चार बार ही 200+ रन बन पाए हैं। टूर्नामेंट में ऐसे भी मैच देखने को मिले हैं जिसमें भारत, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश की टीमों ने 120 से कम रन बनाकर डिफेंड किया। रन ही नहीं, चौकों-छक्कों के मामले में भी इस टूर्नामेंट ने क्रिकेटप्रेमियों को निराश किया है।

सुपर-8 के बांग्लादेश-ऑस्ट्रेलिया मैच जो टूर्नामेंट का 44वां मैच था जब तक 729 चौके और 389 छक्के ही लगे। प्रति मैच छक्कों का औसत 8.84 और चौकों का 16.56 के आसपास है जबकि टी20 में इससे अधिक छक्के और चौके तो किसी एक मैच की एक पारी में लग जाते हैं। यह स्थिति तब है जब सुपर-8 राउंड से सारे मुकाबले वेस्टइंडीज में होने हैं जहां के विकेट अमेरिका की तुलना में बल्लेबाजी के लिए अच्छे हैं1 उम्मीद है कि ग्रुप मैचों में गेंदबाजों का राज रहने के बाद अब आगे के मैचों में बल्लेबाजों का राज देखने को मिलेगा और चौकों-छक्कों की बरसात से क्रिकेट प्रेमी आनंद ले सकेंगे। टी20 विश्वकप में अब तक लगे कम छक्कों का असर दिग्गज बल्लेबाजों के खाते में भी दिख रहा है। सुपर-8 में पहुंची ऑस्ट्रेलिया टीम के मैथ्यू वेड, बांग्लादेश के शाकिब-अल-हसन और भारत के रवींद्र जडेजा शामिल हैं। वेड का यह चौथा टी20 वर्ल्डकप है जबकि शाकिब अब तक के सभी नौ टी20 वर्ल्डकप में खेले हैं। जडेजा का भी यह छठा टी20 वर्ल्डकप है। ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर वेड ने इस टी20 वर्ल्ड कप के पांच मैचों की दो पारियों में 15 गेंदों पर 140.00 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं लेकिन उनके बैट से अब तक छक्का नहीं लगा है। यह सही है कि वेड को अब तक खेलने के लिए ज्यादा पारियां और गेंदें नहीं मिली हैं लेकिन उनकी छवि शुरूआत से ही गेंदबाजों पर हावी होकर खेलने की है।

बता दें, वेड 90 टी20 में 46 छक्के लगा चुके हैं। वे 2021 के टी20 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल के 19वें ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी की गेंद पर लगातार छक्के लगाकर ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में पहुंचाया था।

# फिल्म 'कल्कि' के टिकट दाम बढ़े



मुम्बई। स्काई-फाई फिल्म कल्कि 2898 एडी रिलीज होने में बस कुछ ही दिन बचे हैं। दीपिका पादुकोण और प्रभास स्टारर इस फिल्म में काफी एक्शन देखने को मिलेगा। इस फिल्म के सिनेमाघरों में रिलीज होने को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। इसी बीच फिल्म के टिकट के दाम और पहले शो को लेकर अपडेट सामने आया है। बुक माई शो के आंकड़ों पर नजर डालें तो इस फिल्म को देखने में हजार से ज्यादा लोगों ने दिलचस्पी दिखाई है। पांच भाषाओं में रिलीज हो रही इस फिल्म का लोगों में जबरदस्त क्रेज है।

हालांकि, इसके टिकट के दाम को लेकर जो जानकारी सामने आई है, उससे कई लोग परेशान भी हैं। निर्देशक नाग अश्विन की कल्कि 2898 एडी देखने के लिए फैंस को ज्यादा पैसे चुकाने पड़ सकते हैं। तेलंगाना सरकार ने रिलीज के पहले 8 दिनों के लिए कल्कि 2898 एडी के टिकट के दाम बढ़ा दिए हैं। यानी इस राज्य के लोगों को फिल्म देखने के लिए ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। नियमित सिनेमाघरों में टिकट की कीमत में 70 रुपये और मल्टीप्लेक्स में 100 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, अगर फिल्म के पहले शो की बात करें तो यह सुबह 5:30 बजे शुरू होगा। इसके साथ ही फिल्म के कुछ अतिरिक्त शो भी दिखाए जाएंगे। तेलंगाना राज्य में फिल्म की बढ़ती कीमत पर कुछ यूजर्स ने नाराजगी जताई है। एक कमेंट में लिखा गया, तेलुगु इंडस्ट्री पहले से ही ओटीटी रिलीज को लेकर बुरे दौर से गुजर रही है। कल्कि जैसी फिल्म की टिकट की कीमत नहीं बढ़ाई जानी चाहिए। अगर ऐसा ही चलता रहा तो सिनेमाघर कौन आएगा।

उत्तरी अमेरिका में कल्कि 2898 एडी की कुल प्री-सेल 21 करोड़ रुपये को पार कर गई है। आने वाले दिनों में प्रभास का धमाल होने वाला है। उत्तरी अमेरिका में टिकटों की तेजी से हो रही बिक्री से साफ है कि दर्शक इस साइंस फिक्शन फिल्म को देखने के लिए काफी उत्साहित हैं।

इस स्काई-फाई एक्शन फिल्म की मुख्य स्टार कास्ट में अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण, प्रभास, दिशा पटानी और कमल हासन शामिल होंगे। कल्कि 2898 एडी एक ऐसी फिल्म है जिसे पूरे भारत में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म 27 जून को तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी।

## अब रेस 4 की तैयारी कर रहे सलमान खान

मुम्बई। रेस एक बड़ी फिल्म फ्रैंचाइज है। सभी को यह फिल्म बहुत पसंद आई है और फिल्म के हर हिस्से को शानदार प्रतिक्रिया मिली है। रेस का हर हिस्सा हर बार लोकप्रिय हुआ है। रमेश तौरानी इस फिल्म के निमार्ता रहे हैं। लोग अगली फिल्म की कहानी जानने के लिए बेहद उत्साहित हैं। अब, निमार्ता रमेश तौरानी ने रेस 4 के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने बताया है कि क्या यह फिल्म आएगी और इस भाग के लिए कौन-कौन से कलाकार होंगे। उन्होंने पीटीआई से बात की और पुष्टि की कि रेस 4 बन रही है। रेस 3 में, हमने सलमान खान को फ्रैंचाइज में प्रवेश करते देखा और इसने फिल्म को अगले स्तर पर पहुंचा दिया। लोगों ने फिल्म में भाईजान की एंट्री को खूब पसंद किया। पहली दो फिल्मों में सैफ अली खान मुख्य भूमिका में थे और तीसरी में सलमान खान थे। रमेश तौरानी ने खुलासा किया कि रेस 4 की स्क्रिप्ट तैयार है।


# सोनाक्षी-इकबाल ने रचाई शादी, चर्चाएं तेज



मुम्बई। अंत भला तो सब भला! बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा सोनाक्षी सिन्हा ने रविवार को अपने मंगेतर जहीर इकबाल के साथ शादी के बंधन में बंधते ही अपने जीवन का नया अध्याय शुरू कर दिया। दोनों एक जैसे सफेद कपड़ों में एक जैसे लग रहे थे। प्रेमी जोड़े ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अपनी शादी की तस्वीरें शेयर कीं और इतने सालों तक चुप रहने के बाद आखिरकार अपनी प्रेम कहानी के बारे में बताया। दोनों ने माना कि सात साल पहले जब वे एक-दूसरे से मिले थे, तो उन्हें पहली नजर में ही प्यार हो गया था।

सोनाक्षी सिन्हा अब मिसेज जहीर इकबाल बन चुकी हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने 23 जून को जहीर इकबाल संग सिविल मैरिज की सोनाक्षी सिन्हा ने न ही हिंदू और न ही मुस्लिम रिवाज से शादी की है। सात साल डेट करने के बाद अब दोनों पति-पत्नी बन चुके हैं। शादी मुंबई में सोनाक्षी के घर पर स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत हुई है। जिसकी तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। सोनाक्षी सिन्हा को दूसरे धर्म में शादी करने के लिए ट्रोल किया जा रहा था। लोग हिंदू और मुस्लिम एंगल के कारण आलोचना कर रहे हैं। शादी की तस्वीरें और वीडियो लगातार सामने आ रही हैं। इसी बीच अब कपल का एक नया वीडियो सामने आया है। दोनों केक काटकर अपनी शादी का जश्न मनाते हुए नजर आ रहे हैं। पार्टी में रेखा क्रीम और गोल्डन सिल्क सूट पहनकर पहुंची थींएक्ट्रेस ने मांग में टीका, कानों में बड़े-बड़े झुमके भी पहने थे। गले में लंबा हार कैरी किया था, जिसमें वो कमाल की दिख रही थीं। रेखा ने गोल्डन हाई हील्स से अपना लुक पूरा किया था। सिद्धार्थ माल्या ने अपनी गर्लफ्रेंड जैस्मिन से 23 जून को शादी की है। सिद्धार्थ और जैस्मिन की तस्वीरें- वीडियो सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। ललित मोदी का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। वेस्टइंडीज क्रिकेट के दिग्गज क्रिस गेल शादी के जश्न में डूबे दिखे। क्रिस गेल ने शाहरुख खान का फेमस गाने पर डांस भी किया। गायिका सोफी चौधरी और फैशन डिजाइनर मनोविराज खोसला भी शामिल हुए। विजय माल्या के बेंगलुरु से कई सोशलाइट दोस्त भी शादी में नजर आए।

# रिजर्व बैंक को वृद्धि पर ध्यान देने की है जरूरत



नई दिल्ली। खुदरा मुद्रास्फीति के भारतीय रिजर्व बैंक के निर्धारित लक्ष्य चार प्रतिशत के करीब पहुंचने के साथ मौद्रिक नीति को वृद्धि पर ध्यान देने की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य जयंत आर वर्मा ने सोमवार को यह बात कही। वर्मा ने कहा कि 2024-25 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्पीति लक्ष्य से केवल 0.5 प्रतिशत अधिक रहने का अनुमान है, और प्रमुख मुद्रास्फीति भी काबू में है। उन्होंने पीटीआई-को बताया, असहनीय रूप से उच्च मुद्रास्फीति की लंबी अवधि खत्म हो रही है। अगली कुछ तिमाहियों में, हम महंगाई में और अधिक कमी देखेंगे और मुद्रास्फीति धीमे-धीमे चार प्रतिशत के लक्ष्य पर आ जाएगी।

भारतीय प्रबंधन संस्थान-अहमदाबाद (आईआईएम, अहमदाबाद) के प्रोफेसर वर्मा ने कहा कि मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई में वृद्धि की कीमत चुकानी पड़ी है। कहा कि 2023-24 में आर्थिक वृद्धि 8.2 प्रतिशत थी, जबकि 2024-25 में इसके करीब 0.75 प्रतिशत से एक प्रतिशत तक कम रहने का अनुमान है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि भारत में आठ प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने की क्षमता है। इस महीने की शुरूआत में, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था।

# अब केंद्र ने गेहूं पर भंडारण की लगाई सीमा



नई दिल्ली। केंद्र ने सोमवार को थोक और खुदरा विक्रेताओं के साथ प्रसंस्करणकताओं के लिए गेहूं भंडार रखने की सीमा को तय कर दिया। इस पहल का मकसद जमाखोरी को रोकना और कीमतों को काबू में रखना है। गेहूं पर स्टॉक सीमा 31 मार्च, 2025 तक वैध रहेगी। केंद्र ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के किसी भी प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया और कहा कि खुदरा कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए जरूरत पड़ने पर खाद्यान्न पर आयात शुल्क में कमी सहित अन्य नीतिगत विकल्पों पर विचार किया जा सकता है। वर्तमान में गेहूं पर 40 प्रतिशत आयात शुल्क है।

निर्णय की घोषणा करते हुए केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि देश में गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता है और बाजार में सट्टेबाजी और खाद्यान्न की जमाखोरी को रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है। चोपड़ा ने कहा, ह्यहमैं देश में गेहूं की कमी को दूर करना चाहता हूं...हम चाहते हैं कि गेहूं की कीमतें स्थिर रहें। पिछले हफ्ते केंद्र ने कीमतों पर लगाम लगाने के लिए तुअर और चना दालों पर स्टॉक सीमा लगा दी थी। चोपड़ा ने कहा कि स्टॉक सीमा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं पर लागू होगी।

उन्हें हर शुक्रवार को एक पोर्टल पर गेहूं के स्टॉक की घोषणा करनी होगी। यदि उनके पास मौजूद स्टॉक निर्धारित सीमा से अधिक है तो उन्हें इस अधिसूचना के जारी होने के 30 दिनों के भीतर इसे निर्धारित स्टॉक सीमा तक लाना होगा। एक सरकारी बयान के अनुसार लाइसेंस आवश्यकताएं हटाना, स्टॉक सीमाएं और निर्दिष्ट खाद्य पदार्थों पर आवाजाही प्रतिबंधों को हटाना (संशोधन) आदेश 24 जून 2024 से प्रभाव में आ गया है। यह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 मार्च, 2025 तक लागू रहेगा। स्टॉक सीमा प्रत्येक इकाई पर व्यक्तिगत रूप से लागू होगी। जैसे व्यापारी/थोक व्यापारी- 3000 टन, बड़े खुदरा श्रृंखला विक्रेता- प्रत्येक बिक्रीकेन्द्र के लिए 10 टन तथा उनके सभी डिपो और प्रोसेसर के लिए 3000 टन है। इस महीने की शुरूआत में, केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने अपने तीसरे अनुमान में फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) के लिए गेहूं उत्पादन को संशोधित कर रिकॉर्ड 11 करोड़ 29.2 लाख टन कर दिया। फसल वर्ष 2022-23 में गेहूं का उत्पादन 11 करोड़ 5.5 लाख टन रहा। पिछले हफ्ते, खाद्य मंत्रालय ने कहा कि विपणन वर्ष 2024-25 (अप्रैल-मार्च) के 18 जून तक लगभग 266 लाख टन गेहूं की खरीद की गई थी, जबकि 2023-24 में 262 लाख टन की खरीद हुई थी। चोपड़ा ने यह भी बताया कि एक अप्रैल, 2023 को गेहूं का शुरूआती स्टॉक 82 लाख टन था, जबकि एक अप्रैल, 2024 को यह स्टॉक 75 लाख टन का था। चोपड़ा ने समझाया कि इसलिए गेहूं की कमी (शुरूआती स्टॉक में) सिर्फ 3 लाख टन का ही है।

खाद्य कानून और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की आवश्यकता को पूरा करने के बाद, जो लगभग 184 लाख टन है, आवश्यकतानुसार बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए गेहूं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। चोपड़ा ने कहा कि हाल ही में मीडिया रिपोर्ट के मद्देनजर स्टॉक सीमा लगाई गई है जिसमें दावा किया गया कि गेहूं सहित आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि जमाखोरी को कम करने के लिए स्टॉक सीमा लगाई गई है।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 131 अंक मजबूत, निफ्टी भी हरे निशान पर बंद

मुंबई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 131 अंक की बढ़त में रहा। बैंक शेयरों में लिवाली और यूरोप के प्रमुख बाजारों में मजबूत शुरूआत से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 131.18 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,341.08 अंक पर बंद हुआ। शुरूआती कारोबार में मानक सूचकांक 463.96 अंक तक लुढ़क गया था। बाद में इसमें तेजी आयी और यह 213.12 अंक चढ़ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 36.75 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,537.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, सन फार्मा, नेस्ले, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.8 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। उसने कहा है कि ऊंची ब्याज दर और कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में कमी आएगी। एशिया प्रशांत के लिए सोमवार को जारी अपने आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी आर्थिक वृद्धि के साथ हैरान कर रही है। बीते वित्त वर्ष (2023-24) में यह 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जापान का निक्की बढ़त में रहा।

# ताजमहल में लगेगा लाइट एंड साउंड शो : योगी



आगरा। ताजनगरी में पर्यटकों का रात्रि प्रवास बढ़ाने और पर्यटन उद्योग को नई ऊर्जा देने के लिए योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। ताजमहल का दीदार करने आने वाले पर्यटक अब आगरा किले में लाइट एंड साउंड शो का लुत्फ उठा सकेंगे। 31 जुलाई तक लाइट एंड साउंड शो शुरू होना है। जल्द ही ट्रायल शुरू हो जाएगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन और पुरातत्व विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

आगरा किले में मुगल बादशाह, आगरा की संस्कृति, शिवाजी के आगरा आगमन को दशार्ते हुए लाइट एंड साउंड शो तैयार किया गया है। इसका 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन के साथ शो में चलने वाली क्रिएटिव फिल्म भी फाइनल की जा चुकी है। उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा लाइट एंड साउंड शो के शाम सात से रात 10 बजे तक होगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी दीप्ति वत्स ने बताया कि लाइट एंड साउंड शो की तैयारियां आखिरी दौर में है। जल्द ही काम पूरा कर लिया जाएगा। एएसआई से अनुमति मिलते ही लाइट एंड साउंड के ट्रायल भी शुरू कर दिया जाएगा। लाइट एंड साउंड शो में रोजाना दो शो होंगे। इससे ताजनगरी आने वाले पर्यटक आगरा की संस्कृति को जानने का मौका मिलेगा। साथ ही पर्यटन उद्योग को भी फायदा मिलेगा।

## महिला दारोगा से अश्लील हरकत करने पर इंस्पेक्टर सस्पेंड

आगरा। इंस्पेक्टर पर प्रशिक्षु महिला दारोगा ने गंभीर आरोप लगाए तो। पुलिस महकमे में खलबली मच गई। आरोपों की जांच में प्रथमदृष्टया मामला सही पाया गया है। इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया है। शहर के एक थाने में शुक्रवार रात को महिला दारोगा और एसएसआई को लेकर चचाएं सामने आई थीं। इसके बाद शनिवार को प्रशिक्षु महिला दारोगा खुलकर इंस्पेक्टर के खिलाफ आ गईं। प्रशिक्षु दारोगा ने शनिवार को पुलिस आयुक्त जे रविन्द्र गौड से लिखिति शिकायत की है। इसमें आरोप लगाया है कि 17 मार्च को उन्होंने थाने में आमद कराई थी। उनके थाने के इंस्पेक्टर फोन पर अश्लील कमेंट करते थे और ऑफिस में बैठाकर अश्लील बातें करते थे।

शिकायत में लिखा, कि होली के दिन ऑफिस में बैठाकर रखा। उसके साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया। विरोध करने पर धमकाया। कहा कि बात नहीं मानी तो तुम्हारी रिपोर्ट दे दूंगा। नई नौकरी है छूट जाएगी। आए दिन मुझे आवास पर बुलाने की कहते हैं। कहते हैं मेरे आवास पर सोया करो। जब मैंने थाने के बाहर कमरा लेने को कहा तो इंस्पेक्टर नाराज हो गए। बौखलाकर उसकी जीडी में रपट लिखा दी। कहने लगे थाने के बाहर कमरा नहीं लेना है। हाल ही में वह छुट्टी गई थी। इस दौरान की उसकी लोकेशन निकलवाई गई। प्रशिक्षु महिला दरोगा ने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि इंस्पेक्टर उससे कहते हैं कि घर पर शादी की मना कर दो। वह उससे शादी करेंगे। मेरा शरीरिक व मानसिक उत्पीड़न करते हैं। 20 जून को रात 12 बजे फोन कर कहा कि गर्मी बहुत है। उनके कमरे में एसी लगा है। वहां आकर सो जाओ। प्रशिक्षु महिला दरोगा ने यह आरोप भी लगाया है कि उसकी जाति को लेकर आए दिन उल्टा सीधा बोलते हैं। वह अनुसूचित जाति से है। इंस्पेक्टर उसके शरीर को जबरन गलत तरीके से पकड़ते हैं। प्रशिक्षु महिला दारोगा से अश्लील हरकत के आरोप में इंस्पेक्टर एत्माद्दौला दुर्गेश मिश्रा निलंबित किए हैं। एसीपी एत्मादपुर सुकन्या शर्मा की जांच में प्रथमदृष्टया मामला सही निकला। पुलिस आयुक्त ने इंस्पेक्टर के साथ ही एत्माद्दौला थाने के एसएसआई अमित कुमार को भी निलंबित किया है। एसएसआई के खिलाफ भी अनुशासनहीनता की शिकायत मिली थी।

# नीमा ने कैंसर के प्रति किया जागरूक



चंदौली। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन नीमा चकिया चंदौली इकाई की ओर से ऑक्टिविया हॉस्पिटल के सौजन्य से नगर के होटल में एक बृहद सेमिनार का आयोजन हुआ सेमिनार का उद्घाटन सांसद माननीय डॉ विनोद बिन्द(सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ) एवम नगर विधायक श्री रमेश जायसवाल जी ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अनिल यादव जी ने किया सेमिनार में प्रमुख वक्ता कैंसर सर्जन डॉ सुधेन्दु शेखर ने कहा कि भारत मे हरसाल कैंसर के दस लाख मरीज बढ़ते जा रहे है जिसमे सबसे ज्यादा मरीज मुह और गले के कैंसर के है मुह के कैंसर में होठ, गाल,लार ग्रंथियां, कोमल व हार्ड तालु, मसूड़ों टॉसिल जीभ और जीभ के अंदर का हिस्सा आता है कोशिकाओं की अनियमित वृद्धि से यह कैंसर होता है मुख के कैंसर का मुख्य कारण मुख की साफसफाई ठीक से न करना,तम्बाकू,सिगरेट, पान मसाला गुटका व शराब शामिल है डॉ शेखर ने बताया कि ओरल कैंसर मे जबड़े और चेहरे के मांस का एक बड़ा हिस्सा काटकर निकाल दिया जाता है इन विकृतियों के पुनः निर्माण के लिए सीने व जांघ की मांसपेशियों को काटकर चेहरे पे ग्राफ्ट किया जाता है इस सर्जरी के बाद चेहरा सामान्य से दिखने लगता है सेमिनार में डॉ सागर राय ने सेप्सिस पे प्रकाश डाला और डॉ शादाब रउफ ने हृदय रोग से सम्बंधित जानकारी दी इस अवसर पे मुख्य अतिथि सांसद डॉ विनोद बिन्द जी कहा कि स्वास्थ्य एक इंसान के लिए उसके पूरे जीवनकाल में सबसे बड़ी संपत्ति है। बिना अतिरिक्त धन के तो कोई भी जीवित रह सकता है लेकिन अच्छे स्वास्थ्य के बिना जीवित नहीं रह सकता। स्वास्थ्य एक ऐसी चीज है जिसे हम पैसे से नहीं खरीद सकते लेकिन हम इसका ख्याल रख सकते हैं और जरूरत पड़ने पर चिकित्सको की मदद से इसका इलाज भी कर सकते हैं। डॉ बिंद ने चिकित्सको की रजिस्ट्रेशन की परेशानियो को भी सरकार को अवगत कराकर हल करने का भरोसा दिया

दूसरे मुख्य अतिथि नगर विधायक रमेश जायसवाल जी ने कहा कि नीमा का समाज सेवा में अमूल्य योगदान है नीमा जनपद की शान है इनके कोरोना काल मे किये गए योगदान की जितनी भी तारीफ की जाय काम है ये संगठन हमेशा जनसेवा में तत्पर रहता है हमसब के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पे नीमा प्रदेश प्रवक्ता डॉ ओ पी सिंह एवम डॉ मनोज सिंह को सम्मानित किया गया सभी अतिथियों का स्वागत हॉस्पिटल प्रबंधक सुप्रसिद्ध सर्जन डॉ प्रमेन्द्र सिंह डॉ विकाश सिंह डॉ ए के सिंह आशुतोष जी डॉ सत्यपाल यादव डॉ इंद्रजीत सिंह इत्यादि लोगो ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ आशा कश्यप डॉ रूबी गुप्ता आदि रहे।

## संक्षेप समाचार...



### चोरी कर रेलवे का सामान ले जाते चार गिरफ्तार

पीडीडीयू नगर (चंदौली)। प्रदीप कुमार रावत प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ/ डीडीयू के नेतृत्व में उप निरीक्षक अश्वनी कुमार, आर के सुब्रमण्यम,बबलू कुमार, प्रमोद वर्मा, आरके सिंह व अआशा/ डीडीयू टीम द्वारा आपराधिक गतिविधि रोकथाम हेतु गस्त व चेकिंग के दौरान इलेक्ट्रिक शेड डीडीयू के 25 टन क्रेन एरिया से चोरी करके ले जाते हुए तीन व्यक्ति को रेलवे के मैकेनिकल विभाग की दो पीस 16 दांता वाला पिनियन (गिरारी) को ऑटो में लाद कर ले जा रहे को कब्जे के साथ पकड़ा गया। जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम सुनील, विनोद यादव, पंकज शर्मा बताया। बरामद रेल संपत्ति के बारे में बताया कि इसे रेलवे क्रेन के पास से रेल लाइन के किनारे से उठाकर ले जा रहे थे। अत: उक्त रेल संपत्ति को अवैध कब्जे में पाकर उक्त रेल सम्पति को जप्त कर उक्त व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में तीनों ने बताया कि कल भी रेलवे का लोहा यहीं से चोरी कर ले गए थे जिसे दवांक, थाना जमालपुर, जिला चंदौली उत्तरप्रदेश स्थित अब्दुल कादिर कबाड़ी दुकान पर बेचे हैं। तीनों अभियुक्तों की निशानदेही पर कबाड़ दुकान पर छापामारी कर उक्त कबाड़ी को में उसके दुकान में रखे रेलवे के दो पीस 16 दांता वाला पिनियन बरामद हुआ। जिसे मौके पर जप्त कर दुकान पर उपस्थित अब्दुल कादिर को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए चारों अभियुक्तों पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।



### पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

पीडीडीयू नगर (चंदौली)। पीयूष मोर्डिया अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी, डॉ0 ओम प्रकाश सिंह पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर कार्रवाई करने के दिये गये निर्देश पर कार्रवाई करने वाले पुलिसकर्मी किये गये सम्मानित। डॉ0 अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों के सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित कर बढाया हौशला। दिन मंगलवार को डॉ0 अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक जनपद चन्दौली द्वारा जनपद चन्दौली में थाना मुगलसराय अन्तर्गत चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले उ0नि0 अमित सिंह, उ0नि0 पूजा कौर, उ0नि0 खुशबू यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### खाकी कर रही पारिवारिक रिश्तों को भी मजबूत



चंदौली। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार महिला थाना परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा बिछड़े दम्पतियों को मिलाकर एक परिवार के बीच पुन: खुशियां लौटाने का लगातार सार्थक प्रयास किया किया जा रहा है। इस सप्ताह को ऐसे ही 13 परिवार से पति व परिजनों के विरुद्ध पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना पत्रों पर दोनों पक्षों को जरिये नोटिस मोबाइल द्वारा सूचित कर महिला थाना/ परिवार परामर्श केन्द्र पर बुलाकर पारिवारिक मूल्यों एंव महत्व को बताते हुए अथक प्रयास से समझाया बुझाया गया। दोनों पक्ष आपसी सहमति एवं बिना किसी जोर दबाव के अपनी बीती हुई बातों/गलतियों को स्वीकार कर नये सिरे से पुन: पति/पत्नी की तरह एक दूसरे का सम्मान करते हुये रहने को तैयार हुये। महिला थाना परिवार परामर्श केन्द्र से दम्पति के बीच पारिवारिक विवाद को समाप्त कराते हुये टूटते हुये रिश्ते को बचाते हुये पति/पत्नी को परिजनों के साथ राजी खुशी भेजा गया।

### आपदा से बचाव को लेकर डीएम ने की बैठक

चंदौली। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में बाढ़ राहत कार्य योजना तैयार किये जाने सम्बन्धित बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त सम्बन्धित विभाग ठोस कदम के साथ बेहतर रणनीति बनाते हुए आपदा संबंधित कार्य करेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि नदियों की तलहटी की जमा बालू को हटाया जाना आदि संबंधित कार्यों को अधिकारीगण सुनिश्चित कराए। राहत कैंपों की स्थापना एवं संचालन संबंधित समस्त उप जिलाधिकारी तहसील स्तर पर बैठक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जाए। आगामी बाढ़ से प्रभावित गांव में नाव एवं मोटर बोट की व्यवस्था संबंधित तैयारी सुनिश्चित कर लिया जाए। कंट्रोल रूम स्थापित करने हेतु जगहों का चिन्हांकन कर मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने आकाशीय बिजली से बचाव हेतु दामिनी एप, सचेत एप के बारे में लोगों को जागरुक किए जाने हेतु समस्त एसडीएम को निर्देशित किया। कहा कि स्वयंसेवी संस्थाओं का भी आकाशीय बिजली से बचाव हेतु लोगों के बीच में व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु सहयोग लिया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, जल निगम, सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों को मुख्य रूप से निर्देश देते हुए कहा कि अपनी-अपनी तैयारियां सुनिश्चित कर लिया जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त0 रा0 अभय कुमार पांडेय, ज्वाइन मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर हर्षिका सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी पीडीडीयू नगर, तहसीलदार, समस्त खंड विकास अधिकारी, आपदा विशेषज्ञ रहे।



## पूर्व ब्लाक प्रमुख ने पंप कैनाल को कराया चालू

डीडीयू नगर। कुंडा पंप कैनाल नहीं चलने से किसानों ने सपा नेता व पूर्व सांसद रामकिशून को मोबाइल के द्वारा सूचना दिया। रामकिशून के निर्देश पर पूर्व प्रमुख बाबूलाल यादव, प्रेम नाथ तिवारी कमलेश यादव, विनोद यादव, इंजमाम आदि लोग के साथ कुंडा पंप कैनाल पर पहुंच गए।बंद पड़े पंप कैनाल को तत्काल एसडीओ तथा जेई से वार्ता करके पंप कैनाल को चालू करवाया। जिससे किसानो की नर्सरी के लिए पानी उपलब्ध हो सके।इस दौरान पूर्व प्रमुख ने कहा कि जिला प्रशासन से लगातार कई बार कुंडा पंप कैनाल, महदिउल पंप कैनाल, मिल्कीपुर पंप कैनाल, नारायणपुर पंप कैनाल चलाने के लिए ज्ञापन भी दिया गया। बावजूद जिले के लापरवाह अधिकारियों द्वारा पंप कैनालो को नहीं चलवाया नहीं जा रहा है। जिससे किसानों की नर्सरी तथा धान की रोपाई प्रभावित हो रहीं हैं।कहा कि समाजवादी पार्टी सरकार में कुंडा पंप कैनाल की क्षमता वृद्धि बढ़ाई गई थी।वहां तीन मोटर मौके पर मौजूद है दो मोटर हमेशा चलने के लिए लगाई गई है तथा एक मोटर स्पेयर में रखी हुई है। कुंडा पंप कैनाल को सपा सरकार में स्वतंत्र फीडर भी लगवाया गया था। आज ट्रांसफार्मर में तेल नहीं है एक ट्रांसफार्मर जला पड़ा हुआ है। बिजली विभाग के अधिकारियों से निवेदन है कि तत्काल जो चालू ट्रांसफार्मर है उसमें तेल डलवाने का काम करें। जला हुआ ट्रांसफार्मर को तत्काल बनवाया जाए।



## नगरपालिका परिषद बोर्ड की बैठक आयोजित

डीडीयू नगर। नगरपालिका परिषद के सभाकक्ष में नगर पालिका परिषद बोर्ड की विशेष बैठक आहूत की गयी। जिसमें बोर्ड के समक्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुमानित मूल आय-व्ययक रखा गया। मूल अनुमानित आय-व्ययक के सम्बन्ध में विभिन्न मदों पर उपस्थित बोर्ड सदस्यों द्वारा विस्तृत चर्चा की गयी। वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुमानित मूल आय-व्ययक सर्व सम्मत से पारित किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुमानित आय मु0-84,04,20,000.00 मात्र के सापेक्ष वास्तविक आय मु0-46,02,05,036.00 मात्र प्राप्त हुई थी। जिसके सापेक्ष समस्त वास्तविक व्यय मु0-36,65,31,084.00 मात्र हुआ था। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुमानित आय मु0-84,22,34,000.00 मात्र रखा गया। अनुमानित आय के सापेक्ष अनुमानित व्यय मु0-84,20,85,000.00 मात्र सम्भावित है। बैठक की अध्यक्षता सोनू किन्नर व संचालन पालिका ईओ रोहित सिंह ने किया।

# होलवा नार सैफन नाला निर्माण कार्य के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



मो. तसलीम

शहाबगंज, चंदौली। स्थानीय विकासखंड के बायापुर ग्रामसभा के रेकसाहा में हो रहे होलवा नार सैफन नाला के निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस कार्य में मानकों का उल्लंघन हो रहा है, जिससे भविष्य में किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य मानकों के विपरीत किया जा रहा है। पक्की जुड़ाई 22 मीटर की होनी चाहिए थी, लेकिन मात्र 6 फीट की पक्की जुड़ाई कर मिट्टी डाल दी गई है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि जब जब ग्रामीणों ने ठेकेदार से बात करना चाहा तो ठेकेदार ने शांति से बात करने के बजाय हिंसक और अपमानजनक व्यवहार किया।

कार्यस्थल पर उपस्थित ठेकेदार भीम चौबे ने बताया कि इस कार्य के लिए कोई वित्तीय योजना नहीं है और यह कार्य किसानों की गुहार पर पूर्व अध्यक्ष के निजी फंड से किया जा रहा है। वहीं, किसानों का कहना है कि यह कार्य जिला पंचायत की तरफ से किया जा रहा है, जिसमें 22 लाख से अधिक का ठेका है। बुधवार को ग्रामीणों ने इस मुद्दे पर प्रदर्शन किया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि इस दोषपूर्ण निर्माण से किसानों को कोई उचित लाभ नहीं मिलेगा।

स्थानीय जेई राजू सिंह से संपर्क करने का प्रयास विफल रहा, क्योंकि उन्होंने इस मुद्दे पर बातचीत करने से इनकार कर दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की गहन जांच करने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ आयोजन





चंदौली। दसवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पूरे जनपद में भव्य रूप से संपन्न हुआ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद के समस्त तहसीलों, विकास खंड एवं ग्राम पंचायत में सामूहिक योगभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें की बड़ी संख्या में जनमानस द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जनपद स्तर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम महेन्द्र टेक्निकल इंटर कालेज के परिसर में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री, समाज कल्याण अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग शसंजीव कुमार गोंड, राज्य सभा सांसद साधना सिंह, जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की मौजूदगी में आयोजित हुआ। योगाभ्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहे। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने योग के कई आसन किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री, संजीव कुमार गोंड ने सभी को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2014 से ही योग दिवस को बहुत ही वृहद रूप से मनाने का कार्यक्रम शुरू हुआ था। हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम सब अपने-अपने जिलों में योग दिवस मना कर लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं और उन्हें एक संदेश भी दे रहे हैं कि स्वास्थ्य को ठीक रखना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने सभी को योग दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि योग जितना पौराणिक है , उतना ही आधुनिक है। नियमित योग शरीर को निरोग रखने के साथ ही साथ मस्तिष्क एवं इंद्रियों पर नियंत्रण रखने का भी साधन एवं माध्यम है। योग इंद्रियों को नियंत्रित कर चरित्र निर्माण करता है , जो की राष्ट्र निर्माण की योगदान देता हैं।माता पिता अपने बच्चों को योग का महत्व बताते हुए उनको नियमित योग को प्रेरित करें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि० रा० अभय कुमार पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी एस एन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पर्यटन अधिकारी, जिला होम्योपैथिक अधिकारी साहित्य अन्य विभिन्न कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने वाहनों के खिलाफ चलाया अभियान



चंदौली। पुलिस लग्जरी गाड़ियों पर लगे हूटर, सायरन, काली फिल्म को हटाने के अलावा जुमार्ना लगाने की कार्रवाई कर रही है और यातायात नियमों के प्रति जागरुक कर रही है। उपरोक्त निर्देशन के क्रम में जनपद में व्यापक अभियान चला जिसमें क्षेत्राधिकारी यातायात रघुराज के नेतृत्व में थाना अलीनगर क्षेत्र अन्तर्गत यातायात पुलिस टीम द्वारा आलमपुर तिराहा पर चार पहिया वाहनों की जांच की। जांच के दौरान कुल 204 चार पहिया व दो पहिया वाहनों को रोकवाया गया। जिसमें 33 वाहनों से प्रेसर हार्न उतरवाया गया और 41 दो पहिया पर तीन सवारी व बिना हेलमेट के विरूद्ध चालान किया गया। क्षेत्राधिकारी यातायात रघुराज ने बताया कि पुलिस अधीक्षक चंदौली डॉ. अनिल कुमार के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा चेकिंग के दौरान वाहनों में लगे स्टीकर, बैनर, हूटर, सायरन, को उतरवाया जा रहा। साथ ही सभी को चेतावनी देते हुए कहा कि दुबारा अगर वाहन में स्टीकर, हूटर, सायरन, काली फिल्म आदि लगी मिली। तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। चेकिंग के दौरान बाइक सवारों को सुरक्षित सफर के लिए हेलमेट लगा कर वाहन का संचालन करने की अपील की गई।डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक चन्दौली ने जनपद वासियों को विशेष एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया है कि शासन के निर्देशानुसार निजी वाहनों पर हूटर/ सायरन/ लाल नीली बत्ती/ पद सूचक/ ब्लैक फिल्म के विरुद्ध अभियान चलाया गया है। जो लोग भी अपनें निजी वाहनों पर पद सूचक जैसे-पुलिस, उत्तर प्रदेश सरकार, भारत सरकार आदि और ब्लैक फिल्म, हूटर, सायरन, लाल नीली बत्ती आदि लगाये हैं,जो अधिकृत नहीं है। वे लोग उसे स्वतःहटा लें अन्यथा चेकिंग के दौरान पाये जाने पर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## बिलिंग क्लर्क व उसकी पत्नी पर लगा गैंगस्टर

डीडीयू नगर।आरपीएफ जवानों और अन्य कर्मियों के एरियर में छेड़छाड़ कर करोड़ों रुपए का गोलमाल करने के आरोपी बिलिंग क्लर्क युवराज सिंह और उसकी पत्नी नीतू सिंह पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। शनिवार को मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने कैलाशपुरी स्थित किराए के मकान से युवराज और उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया है। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त कार्यालय में तैनात बेरी खेड़ा, थाना- घाटमपुर, जिला कानपुर नगर निवासी युवराज सिंह उर्फ जितेन्द्र सिंह जवानों व विभागीय कर्मियों का वेतन, एरियर आदि के भुगतान का काम करता था। वह विभागीय कर्मचारियों व जवानों के आई पास को डिकोड कर एरियर को बढ़ा कर रिपोर्ट भेज देता था। इसके बाद एरियर के बढ़े धन को अन्य खाते में ट्रांसफर कर देता था। इसकी भनक कई साल तक किसी को नहीं लगी। आरक्षी मोहम्मद मुजीब के जुलाई से सितंबर तक वेतन भुगतान में गड़बड़ी मिली। जांच में पता चला कि वेतन भुगतान रेलवे के बजाए निजी अकॉउंट से हुआ है। इस पर कमांडेंट जेथिन बी राज ने मामले की जांच के लिए टीम गठित की। जांच में पता चला की लिपिक ने डेढ़ करोड़ से अधिक का गबन किया है। कमांडेट ने लिपिक को निलंबित कर मुगलसराय कोतवाली में मुकदमा दर्ज करावाया। अधिकारियों ने जवानों के पीएफ, एरियर आदि का मिलान करना शुरू कर दिया है। एक नवंबर 2023 को तत्कालीन सहायक सुरक्षा आयुक्त एचएन राम ने मुगलसराय कोतवाली में युवराज के खिलाफ मकदमा दर्ज कराया। जांच में पता चला कि युवराज अपनी पत्नी के खाते से लेन देन करता था। दोनों ने मिलकर 3. 61 करोड़, 11 लाख 60 हजार रुपये, क्रेटा कार गबन किया है। दोनों ने जमीन आदि खरीद लिया । इसके आधार पर दोनों पर गैंगस्टर की कार्रवई की गई। वहीं दोनों का चालान किया गया। दूसरी तरफ अलीनगर पुलिस ने कौशांबी जिला के कड़ा धान निवासी रोमान अहमद और उसके गिरोह का सदस्य सुभाष कुमार निवासी बाकरबाद बमरौली थाना पुरामुफ्ती जिला प्रयागराज हैं के खिलाफ पशु तस्करी पर गैंगस्टर की कार्रवई की है।

## रेल पटरियों के किनारे कचरा डालने वालों के खिलाफ बना प्लान

आगरा। रेलवे पटरियों के किनारे कूड़ा फेंकने वालों के विरुद्ध अब कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ऐसे लोगों को चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया है। अपर नगर आयुक्त सुरेंद्र प्रसाद यादव ने रेलवे अधिकारियों के साथ ईदगाह रुई की मंडी रेलवे क्रासिंग,आजमपाड़ा क्रासिंग होते हुए दौरेठा तक करीब साढ़े छह किलोमीटर तक रेलवे पटरियों के किनारे स्थित क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान लगभग बीस ऐसे स्थान पाए गए जहां पर कूड़े के ढेर लगे हुए थे। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि कई लोगों ने रेलवे की जमीन पर लाइनों की ओर घरों के दरवाजे खोल रखे हैं। कुछ लोगों ने रेल पटरियों के बीच से ही इधर-उधर जाने का रास्ता बना लिया है। अधिकारियों ने रेलवे के अधिकारियों से रेलवे लाइनों की ओर खुले दरवाजे व रास्ते को बंद कराने, बाउंड्रीवाल कराने के लिए कार्रवाई करने के लिए कहा।

# सामुदायिक शौचालय में लटका ताला



अलीम हाशमी

चहनियां/ चंदौली। सोनबरसा में बीते पंचवर्षीय योजना में ग्राम द्वारा सामुदायिक शौचालय बनवाया गया है। लेकिन बस्ती से दूर एवं जाने का रास्ता न होने से कई वर्षो से ताला लटका रहता है । ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर अधिकारियों को चेताया। गांव के अंदर ग्राम सभा की जमीन थी फिर भी गांव से बाहर दूसरे के खेत में लगभग चार लाख 85 हजार में बनवाया है। जहाँ जाने का रास्ता भी नहीं है। जब से बना है बराबर ताला लटका रहता है। जिससे ग्रामीणों को मजबूरन खुले में व गंगा किनारे रेत में शौच करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जिसको लेकर गांव के आनंद सोनकर राम मूरत निषाद, राम अवध निषाद, जितेंद्र निषाद, प्रकाश निषाद रामजतन निषाद, सोनी देवी निर्मला देवी लक्ष्मण देवी रेणु देवी सरिता देवी आशा देवी रंजू देवी राधेश्याम निषाद आदि ग्रामीण लोगों ने प्रदर्शन करते हुए जिलाअधिकारी से मांग करते हुए कहा कि जहां रास्ता हो एवं बस्ती के अंदर दूसरा सामुदायिक शौचालय बन जाये तो ग्रामीणों को परेशानी नही होगी। गांव के जिन गरीब परिवार में जमीन के अभाव से शौचालय नहीं बना है उनको खुले में शौचालय न करना पड़े एवं गांव में स्वच्छता बना रहे। यहां सोनबरसा में आंगनवाड़ी केंद्र,पंचायत भवन का अभाव है।

### देश की एकता व अखंडता के अभिप्राय थे मुखर्जी :सुशील सिंह

कमालपुर चंदौली। सैयदराजा विधानसभा के रामजानकी कुटिया भदाहु पर भाजपा की ओर से रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। विधायक सुशील सिंह ने कहा कि देश की एकता, अखंडता व स्वाभिमान के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करने की जरूरत है। उन्होंने एक निशान,एक विधान,एक प्रधान का नारा देकर जम्मू कश्मीर को देश का अभिन्न अंग बनाने के संघर्ष में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।उन्होंने पश्चिम बंगाल को भारत का हिस्सा बनाए रखने की वैचारिक व व्यावहारिक लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



# बोले पीएम : दुनिया मानती है योग की ताकत

## 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर धरती के स्वर्ग श्रीनगर में प्रधानमंत्री मोदी ने किया योग, बताए फायदे

- बोले: योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली एजेंट के रूप में देख रहा है विश्व, योग समाज में सकारात्मक बदलाव के नए तरीके बना रहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लगातार हो रही योग पर चर्चा



जम्मू कश्मीर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया योग की शक्ति को मानती है। विश्व योग को वैश्विक भलाई के लिए एक शक्तिशाली एजेंट के रूप में देखता है। यह लोगों को अतीत के बोझ को ढोए बिना वर्तमान में जीने में मदद करता है। श्रीनगर के एसकेआईसीसी में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य समारोह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने यह बातें कहीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि योग ने लोगों को यह एहसास दिलाया है कि उनका कल्याण उनके आसपास की दुनिया के कल्याण से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'विश्व योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली एजेंट के रूप में देख रहा है। योग हमें अतीत के बोझ को ढोए बिना वर्तमान क्षण में जीने में मदद करता है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'जब हम अंदर से शांत होते हैं, तो हम दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव भी डाल सकते हैं...योग समाज में सकारात्मक बदलाव के नए तरीके बना रहा है।'


प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भर में योग करने वालों की संख्या हर दिन बढ़ रही है और यह दिनचर्या उनके दैनिक जीवन का हिस्सा बनती जा रही है। पीएम ने कहा, 'योग करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मैं जहां भी जाता हूं, शायद ही कोई (अंतरराष्ट्रीय) नेता हो जो मुझसे योग के लाभों के बारे में बात न करता हो।'

पीएम मोदी ने तुर्कमेनिस्तान, सऊदी अरब, मंगोलिया और जर्मनी का उदाहरण देते हुए कहा, कई देशों में योग लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बनता जा रहा है। ध्यान का यह प्राचीन रूप वहां तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने 101 वर्षीय फ्रांसीसी महिला चार्लोट चोपिन का भी जिक्र किया, जिन्हें अपने देश में योग को लोकप्रिय बनाने में उनकी सेवाओं के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।प्रधानमंत्री ने कहा कि योग के वैश्विक प्रसार ने इसके बारे में धारणा में बदलाव किया है क्योंकि अधिक लोग इसके बारे में प्रमाणिक जानकारी प्राप्त करने के लिए भारत की यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम अब उत्तराखंड और केरल जैसे राज्यों में योग पर्यटन देख रहे हैं। लोग भारत आ रहे हैं क्योंकि उन्हें प्रामाणिक योग देखने को मिलता है।'उन्होंने कहा, 'लोग अब फिटनेस के लिए निजी योग प्रशिक्षकों को नियुक्त कर रहे हैं और कंपनियां अपने कर्मचारियों के लिए मन और शारीरिक फिटनेस कार्यक्रमों में योग को शामिल कर रही हैं। इसने आजीविका के नए रास्ते खोले हैं।'प्रधानमंत्री ने कहा कि योग आज लोगों के सामने आने वाली कई समस्याओं का समाधान प्रदान करता है। योग केवल ज्ञान ही नहीं बल्कि विज्ञान भी है। सूचना क्रांति के इस युग में सूचना स्रोतों की बाढ़ आ गई है और मानव मन के लिए एक विषय पर ध्यान केंद्रित करना एक चुनौती है। इसका समाधान भी योग में है क्योंकि यह मन को केंद्रित करने में मदद करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेना से लेकर खेल जगत तक ने योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष परियोजनाओं पर काम करने वाले लोगों को भी योग का प्रशिक्षण दिया जाता है क्योंकि इससे उत्पादकता के साथ-साथ सहनशीलता भी बढ़ती है। डल झील के किनारे स्थित एसकेआईसीसी (शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र) के परिसर में पहले मुख्य समारोह का आयोजन होना तय था। लेकिन सुबह हुई तेज बारिश के चलते कार्यक्रम को एसकेआईसीसी के हॉल में शिफ्ट किया गया। ऐसे में कार्यक्रम करीब एक घंटे की देरी से शुरू हुआ। हालांकि समारोह के शुरू होने के साथ ही कुदरत भी मेहरबान हुई और बारिश रुकी। इसके बाद डल झील के किनारे उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के साथ योग कर यादगार पलों के साक्षी बने। एजेंसी

## योगी ने किया योगाभ्यास

लखनऊ। अंतराराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में लोगों ने पार्कों और खुले स्थानों पर एकत्र होकर योग किया और निरोगी होने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला प्रशासन की तरफ से भी योग शिविर लगाए गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के राजभवन में योगासन किए। इस मौके पर उनके साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र सहित बड़ी संख्या में आमजन शामिल रहे। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी योग दिवस पर जनता के साथ योग किया और सभी को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। लखनऊ में राजभवन, हाईकोर्ट, रेजीडेंसी और झंडी पार्क लालबाग में योग दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसी तरह शहर के अलग-अलग पार्कों में लोग एकत्र हुए और योगासन कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया।यह 10वां योग दिवस है। जो कि विश्व भर में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन में योग किया और सभी आसनों का अभ्यास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जो हमें दिया है। वो संपूर्ण मानवता के अनुकूल है। योग सबके के लिए है। इसमें कोई भेदभाव नहीं है।



## सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षा स्थगित

नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा को स्थगित करने का फैसला किया है। एजेंसी ने इसके पीछे लॉजिस्टिक के मुद्दे को वजह बताया है। गौरतलब है कि यह परीक्षा 25 जून से 27 जून के बीच होनी थी। एनटीए ने कहा कि कुछ अपरिहार्य परिस्थितियों और संचालन से जुड़े मुद्दों के कारण इस परीक्षा को स्थगित किया जा रहा है। परीक्षा का संशोधित शेड्यूल जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट के जरिए जारी किया जाएगा।संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षा जून-2024, जूनियर रिसर्च फेलोशिप के पुरस्कार और सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति और पीएचडी में प्रवेश के लिए भारतीय नागरिकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए एक परीक्षा है। गौरतलब है कि शिक्षा मंत्रालय ने हाल ही में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित कराई गई यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करने का एलान किया था। परीक्षा आयोजित होने के एक दिन बाद ही सरकार ने परीक्षा रद्द करने का एलान कर सभी को चौंका दिया था।

# राजनीति में आतंकवाद को जगह देना गलत



सियासत

**कनाडा की संसद में आतंकी निज्जर की याद में मौन पर भारत का निशाना**

**खालिस्तानी आतंकवाद हमारे लिए चिंता का विषय**

नई दिल्ली। भारत के बार-बार कहने के बावजूद कनाडा अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल कनाडा की सरकार खालिस्तानी चरमपंथियों को लुभाने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है। ताजा मामला हरदीप सिंह निज्जर से जुड़ा है। कनाडा की संसद में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की याद में मौन रखा गया, जिसके जवाब में भारत ने भी कनाडा को उसी भाषा में जवाब दिया है। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने निज्जर की याद में मौन रखने की निंदा की है। जायसवाल ने कहा हम राजनीति में आतंकवाद को स्थान देने वाले किसी भी कदम का विरोध करते हैं।


खालिस्तानी आतंकवाद पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा 'हमने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि खालिस्तानी गतिविधियां हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। हम बार-बार कनाडा सरकार से कार्रवाई करने की बात कर रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि कनाडा में चरमपंथियों को राजनीतिक छूट दी गई है। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

# हीटवेव से भारत में रिकॉर्ड मौतें

## मौसम की मार: उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा लोगों ने गंवाई जान

नई दिल्ली। देश के अधिकाशं हिस्से इन दिनों भयंकर गर्मी और हीटवेव से जूझ रहे हैं। इस साल गर्मी का प्रकोप इतना खतरनाक रहा कि अब तक देश में गर्मी से रिकॉर्ड 143 लोगों की जान चली गई है। साथ ही 41,789 लोग हीटस्ट्रोक से पीड़ित हुए।

गौरतलब है कि यह आंकड़े 1 मार्च से लेकर 20 जून तक के हैं। हीटवेव से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या अभी और बढ़ सकती है क्योंकि गर्मी संबंधी बीमारी और मौतों की सर्विलांस करने वाले नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने कई राज्यों के आंकड़ों को अभी तक अपडेट नहीं किया है। साथ ही कई स्वास्थ्य केंद्रों को भी हीटवेव से होने वाली मौतों का आंकड़ा अभी अपडेट करना है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 20 जून को ही हीटस्ट्रोक के कारण 14 लोगों की मौत हुई है और नौ अन्य मौतों को लेकर भी आशंका है कि ये हीटस्ट्रोक की वजह से हुई हैं। इसके साथ ही मार्च-जून में गर्मी से मरने वालों की कुल संख्या 143 हो गई है। उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य है, जहां सबसे ज्यादा 35 लोगों की मौत हुई। वहीं दिल्ली में 21, बिहार और राजस्थान में 17-17 लोगों की मौत हीटवेव से हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने गर्मी को देखते हुए सभी अस्पतालों को एडवाइजरी जारी की है कि वे हीटवेव से पीड़ित मरीजों



के लिए विशेष यूनिट बनाएं। अब स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों से अस्पतालों में जाकर इन विशेष यूनिट को चेक करने का निर्देश दिया है। हीटवेव से हो रहीं मौतों की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया है। देश के कई हिस्से इन दिनों 50 डिग्री सेल्सियस के आसपास का तापमान झेल रहे हैं। तेज तापमान की वजह से शरीर का तापमान भी बढ़ रहा है। ज्यादा देर तक धूप में रहने के चलते हीटस्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। जिन लोगों को ज्यादा गर्मी झेलने की आदत नहीं है, उन्हें हीटस्ट्रोक की समस्या ज्यादा होती है। हीटस्ट्रोक में शरीर का तापमान 104 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है या कभी इससे ज्यादा भी हो सकता है। हीटस्ट्रोक में मरीज को सिर में तेज दर्द, सांसों का तेज चलना, उल्टी या जी मिचलाना, बोलने में दिक्कत, चक्कर आने और कन्फ्यूजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

## गर्मी: हज के दौरान 98 भारतीयों की गई जान

नई दिल्ली। सऊदी अरब में हज के दौरान भीषण गर्मी और प्राकृतिक कारणों से मरने वालों की संख्या एक हजार से अधिक हो गई, जिसमें 98 भारतीय भी शामिल हैं। इस साल अब तक 1,75,000 भारतीय हज के लिए सऊदी अरब गए हैं। केंद्रीय विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। अबतक 10 देशों से 1,081 जायरीनों (हज पर जाने वाले लोगों को जायरीन कहते हैं) की मौत हो चुकी है। इनमें सबसे ज्यादा मिस्र के 658 जायरीन शामिल हैं। केंद्रीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने इस पर प्रतिक्रिया दी। हज करने गए भारतीयों की मौत मामले में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने कहा, इस साल हमारे पास 1,75,000 भारतीय हैं, जो पहले ही हज पर जा चुके हैं। हम अपने 98 नागरिकों को खो चुके हैं। उनकी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है, जिसमें पुरानी बीमारी और बुढ़ापा भी शामिल है। अराफत के दिन छह भारतीयों की मौत हो गई और दुर्घटना के कारण चार भारतीयों की जान चली गई।



## भारत ने दुनिया को दिया योग का संदेश: डॉ अशोक

वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को हरहुआ स्थित लक्ष्मी नर्सिंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में करो योग रहो निरोग का संदेश देते हुए नर्स की ट्रेनिंग ले रही छात्राओं ने योग कर सभी को निरोग रहने का संदेश दिया। योगाभ्यास कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि भाजपा काशी क्षेत्र चिकित्सा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक एवं लक्ष्मी हास्पिटल के प्रबंध निदेशक डा.अशोक राय व योगाचार्य किशन मिश्र ने शुभारम्भ किया। उन्होंने दैनिक दिनचर्या में शामिल कई प्रकार के योग के बारे में बताया। इस दौरान आसपास के ग्रामीणों ने भी योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार, भ्रामड़ी प्राणायाम, अनुलोम विनलोम के साथ ही कपालभाति व अन्य प्रकार के योगों पर प्रकाश डाला। डॉक्टर अशोक राय ने कहा कि योग हमारी प्राचीन पद्धति का एक हिस्सा है, जिससे ऋषि मुनि हजारों वर्ष तक जीवित रहते थे, फिर भी योग अस्तित्व में नहीं था। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ इच्छा संकल्प से आज योग पूरी दुनिया में निरोग रहने का संदेश दे रहा है। अब दुनिया में योग का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि योग अगर दिनचर्या में शामिल कर लिया जाए तो शरीर से शुगर, ब्लड प्रेशर थकान, श्वांस सहित कई बीमारियां ठीक हो सकती हैं।

## निकाय उपचुनाव लड़ेगी कांग्रेस, कार्यकर्ताओं को तैयार रहने के निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में नगर निकायों के उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी भी तकदीर आजमाएंगे। इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। कार्यकताओं को तैयार रहने का संदेश दिया गया है। प्रदेश में 29 स्थानों पर पार्षद व सभासदों के निधन से ये पद खाली हो गए हैं, जहां उपचुनाव हो रहा है। कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया। इसमें पार्टी नेताओं ने निकाय उपचुनाव लड़ने का फैसला लिया। चर्चा के दौरान बताया गया कि तीन सीटों पर कांग्रेस के सभासद जीते थे। इन तीनों सीटों पर पूरी दमदारी से चुनाव लड़ा जाएगा। अन्य सीटों पर भी कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार उतारे जाएंगे। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों से भी तालमेल रखा जाएगा। उपचुनाव को लेकर संबंधित क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को तैयार रहने का संदेश भेजा गया है।

# अरविंद केजरीवाल को फिलहाल राहत नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने उनकी जमानत पर फिलहाल रोक लगा दी है और फैसला सुरक्षित रखा है। माना जा रहा है कि दो से तीन दिन पर इस पर फैसला आएगा। तब तक उन्हें तिहाड़ जेल में ही रहना होगा। बता दें कि गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी। इस पर ईडी ने शुक्रवार को हाईकोर्ट का रुख किया था। ईडी ने इस मामले को तत्काल सुनवाई की मांग की। ईडी की याचिका पर सुनवाई को लिए हाईकोर्ट सहमत हो गया है।

ईडी का दावा है कि हमको अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका का विरोध करने का पूरा मौका नहीं दिया क्या, इसलिए निचली अदालत के जमानत के फैसले पर रोक लगाई जाए। अरविंद केजरीवाल के वकीलों ने ईडी के वकील को सलाह दी कि आपको अदालत के फैसले को सम्मान के साथ स्वीकार करना चाहिए। हाईकोर्ट की सुनवाई के बाद ही साफ होगा कि अरविंद केजरीवाल आज रिहा होंगे या नहीं। दिल्ली हाईकोर्ट का कहना है कि ट्रायल कोर्ट के आदेश को तब तक प्रभावी नहीं किया जाएगा जब तक वह सीएम केजरीवाल को दी



गई जमानत को चुनौती देने वाली एऊकी याचिका पर सुनवाई नहीं कर लेता।आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने ईडी के केजरीवाल की जमानत के खिलाफ हाईकोर्ट जाने को लेकर कहा, 'मोदी सरकार की गुंडागर्दी देखिए अभी ट्रायल कोर्ट का आदेश ही नही आया आदेश की कॉपी भी नहीं मिली तो मोदी की ईडी हाईकोर्ट में किस आदेश को चुनौती देने पहुंच गई? क्या हो रहा है इस देश में? न्यायव्यवस्था का मजाक क्यों बना रहे हो मोदी जी पूरा देश आपको देख रहा है?'

वहीं, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा, 'देश में तानाशाही इतनी बढ़ गई है कि ईडी किसी को छूट भी नहीं देना चाहती। ईडी अरविंद केजरीवाल जी के साथ देश के आतंकवादी की तरह व्यवहार कर रही है। अभी तो केजरीवाल जी की जमानत का आदेश अपडेट भी नहीं हुआ था कि ईडी स्टे लगवाने के लिए हाईकोर्ट पहुंच गई। लेकिन अभी हाईकोर्ट का फैसला आना बाकी है और हम आशा करते हैं कि हाईकोर्ट न्याय करेगा।' गुरुवार को दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत प्रदान करते हुए आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले जमानत प्रदान कर दी। इससे पहले केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनावों में प्रचार किए लिए जमानत प्रदान की थी। उसके बाद दो जून को उन्होंने समर्पण कर दिया था।

अवकाश न्यायाधीश नियाय बिंदु ने केजरीवाल और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दो दिनों तक सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। इससे पहले उन्होंने दिन में दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। उन्होंने कल ही स्पष्ट किया था कि वे बहस पूरी होने के बाद तुरंत ही फैसला देगी क्योंकि यह मामला हाई प्रोफाइल है। अदालत ने गुरुवार शाम आदेश सुनाए जाने के बाद ईडी ने अनुरोध किया कि क्या जमानत बांड पर हस्ताक्षर करने को 48 घंटे के लिए टाला जा सकता है ताकि आदेश को अपीलीय अदालत के समक्ष चुनौती दी जा सके।

## संपूर्णानंद के दीक्षांत लॉन में सैकड़ों लोगों ने किया योग



वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के दीक्षांत लान में कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा के सानिध्य में विश्वविद्यालय के अध्यापकों, कर्मचारियों, अधिकारियों व विद्यार्थियों ने योग किया। कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि यह धरती असाधारण धरा है, यह धरती तर्पण, समर्पण, योग, प्रयोग, उपयोग की धरती है, यहां के असाधारण हैं। सम्पूर्णानंद की कल्पना योग के बिना संभव नहीं है, दुनियां भर में इसी प्रांगण से योग के महत्व और उपयोगिता का संदेश जाना चाहिए। इस दौरान प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी, प्रो रामपूजन पाण्डेय, प्रो हरिप्रसाद अधिकारी, प्रो. दिनेश कुमार गर्ग, प्रो. रमेश प्रसाद, प्रो. अमित कुमार शुक्ल,प्रो. हीरक कांत चक्रवर्ती, प्रो महेंद्र पाण्डेय, प्रो. शैलेश कुमार मिश्र, डा. पद्माकर मिश्र, अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं सैकड़ों विद्यार्थियो ने सहभाग किया।

# नीट गड़बड़ी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

## प्रधानमंत्री मोदी व शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग, हिरासत में लिए गए अजय राय

लखनऊ/नई दिल्ली। नीट-यूजी-2024 रिजल्ट में गड़बड़ी के विरोध में कांग्रेस देशभर में प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि ये छोटा-मोटा घोटाला नहीं है, हजारों करोड़ का घोटाला है। 10 साल में 70 पेपर लीक हुए हैं। ये पेपर लीक का मामला नहीं है, ये महा घोटाला है। खरीदने वाले ने 32 लाख में खरीदकर 40 लाख में बेचा। लाखों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया गया है। ये रैकेट गुजरात से संचालित हो रहा है। बिहार और हरियाणा में चल रहा है। इसमें कोई छोटे-मोटे आदमी नहीं हैं, बड़े लोग शामिल हैं, जिसे छिपाया जा रहा है। नीट-यूजी-2024 रिजल्ट में गड़बड़ी के विरोध मप्र, छग, दिल्ली, यूपी समेत पूरे देशभर में कांग्रेस ने परीक्षा में हुई धांधली और यूजीसी नेट की परीक्षा रद्द करने के लिए जिम्मेदार प्रधानमंत्री व शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने शुक्रवार को सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कार्यकर्ता प्रदेश मुख्यालय से विधान सभा घेराव के लिए निकले। हालांकि थोड़ा ही आगे चलने पर बैरिकेडिंग कर पुलिस ने सभी को रोक लिया। यहां कार्यकताओं की पुलिस से तीखी नोकझोंक



हुई। इसी बीच अजय राय समेत पार्टी नेता बैरिकेडिंग लांघकर आगे बढ़ने लगे। पुलिस ने बलपूर्वक उनको रोका और यहां भी काफी धक्का मुक्की हुई।

इसके बाद पुलिस जबरदस्ती प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य पार्टी नेताओं व कार्यकताओं को हिरासत में लेकर ईको गार्डेन ले गई। इस दौरान कार्यकर्ता छात्रों के हित में परीक्षा रद्द करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। वहीं इस अवसर पर कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि बिहार में एफआईआर हुई है, वहां चार लोग पकड़े गए, लेकिन केंद्र सरकार कहती है कोई घोटाला नहीं, ना जांच ना जानकारी। इस पूरे मामले को दबाने जांच अधिकारी को दिल्ली तलब किया गया है। प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं। परीक्षा के पहले और बाद में मन की बात करते हैं, जब बच्चों के भविष्य का सवाल है तो चुप्पी क्यों।छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मप्र में व्यापम घोटाले में 70 लोगों की हत्याएं हुई। ठीक से जांच हुई तो वर्तमान शिक्षा मंत्री की जगह जेल में होगी। यह ऐसा घोटाला है, जिसमें बीस से तीस हजार छात्रों का सेंटर बदला है, जिसमें यही छात्र टॉप में आए हैं। इस बार 67 बच्चों ने टॉप किया है, जो छात्र टॉप में आए हैं, उन्हें माइनस मार्किंग से लेकर सबको पता है, मार्किंग में भी घोटाला हुआ है। उधर, सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी काउंसलिंग पर रोक लगाने से फिर एक बार इनकार कर दिया है। शुक्रवार को एक छात्र ने याचिका लगाई। उसका कहना था कि 773 कैंडिडेट्स बिना ग्रेस मार्क्स पाए फेल हुए हैं। पूरी परीक्षा रद्द कर दोबारा कराई जाए। 8 जुलाई को केस पर सुनवाई होनी है ऐसे में 6 जुलाई से शुरू हो रही काउंसलिंग भी 2 दिनों आगे बढ़ाई जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि, रीएग्जाम की मांग पर एनटीए से 2 हफ्तों में जवाब दाखिल करने को कहा है।

## अयोध्या के डीएम व पुजारी राजू दास के बीच हुई बहस

अयोध्या। हनुमानगढ़ी के मुख्य पुजारी राजूदास की जिलाधिकारी नितीश कुमार से बृहस्पतिवार रात हॉट-टॉक हो गई। इसके बाद डीएम ने तत्काल राजू दास की सुरक्षा में तैनात गनर को वापस ले लिया। राजू दास का कहना है कि गनर हटाकर उनकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया गया है। यदि कोई घटना होती है तो पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। राजू दास ने बताया कि बृहस्पतिवार रात 11 बजे सरयू अतिथि गृह में भाजपा की हार की समीक्षा के लिए भाजपा के विधायक, मेयर और पदाधिकारी जुटे थे। इस बैठक में प्रदेश सरकार के दो मंत्री भी मौजूद रहे। साथ ही डीएम नितीश कुमार और एसएसपी राजकरण नैय्यर भी बैठक में शामिल थे। इसी बीच राजू दास भी समीक्षा बैठक में अपना फीडबैक देने पहुंचे। राजू दास ने जब अफसरों की शिकायत शुरू की तो



कथित तौर पर डीएम नाराज हो गए। इसके बाद राजू दास से डीएम नितीश कुमार की बहस हो गई। डीएम ने उनके पास बैठने से इन्कार कर दिया। राजू दास का आरोप है कि उनके पास मौजूद एक मात्र गनर को बैठक स्थल से ही वापस बुला लिया गया। इससे पहले भी भाजपा की हार के बाद राजूदास ने एक वीडियो जारी कर जिले के अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई थी। इसको लेकर अफसर पहले से ही उनसे नाराज थे।




# उद्यान अधीक्षक पर गिरी गाज, कार्रवाई से हड़कंप

## नगर विकास मंत्री ने निदेशालय से किया सम्बद्ध, बोले- सुबह 6 बजे तक कूड़ा उठान कर स्वच्छ रखें काशी



वाराणसी। नगर विकास मंत्री, अरविन्द कुमार शर्मा ने सर्किट हाउस में नगर निगम के कार्यो की समीक्षा बैठक में लापरवाही की रिपोर्ट मिलने पर उद्यान अधीक्षक के स्थानांतरण का आदेश दिया और सभी कर्मचारियों को आइंदा लापरवाह मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

बैठक में मंत्री ने महाप्रबन्धक, जलकल से पूछा कि 2014 से पूर्व जो सीवर चोक की समस्या बनारस में थी, दूर हो गयी। लेकिन संतोषजनक जवाब न मिलने पर संबंधित अधिकारी को फटकारा। इस समस्या का स्थायी समाधान किये जाने के लिए कहा। शहर के कुछ मकानों में पानी का कनेक्शन नही होने के बावजूद भी टैक्स लिये जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होने ऐसे लोगों को कनेक्शन देने और पेयजल आपूर्ति ठीक करने हेतु निर्देश दिया। नगर आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर की कूड़ा की सफाई और उठान कर गाड़ियों को सुबह 6 बजे तक शहर के व्यस्ततम इलाकों से प्लान्ट चले जाना चाहिए। उन्होंने सुबह 8 बजे काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन से निकलने के बाद कूड़ा गाड़ी से जाम लगे रहने पर नाराजगी व्यक्त की और अब सुबह 6 बजे तक ही कूड़ा का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। नगर विकास मंत्री ने नव विस्तारित क्षेत्रों के सड़क, सफाई व्यवस्था, सीवर व्यवस्था को ठीक करने हेतु तत्काल कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने सभी जोनल अधिकारियों से अपने जोन में भ्रमण करने और सभी जी.वी.पी. स्थलों को चिन्हित कर उसे उसे समाप्त करने का निर्देश दिया। वाराणसी कैण्ट क्षेत्र के विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने बड़ी गैबी में बनायी गयी पानी टंकी वाले स्थान के मालिक को मुआवजा देने, टंकी शुरू कराये जानेकी ओर ध्यानआकृष्ट कराया,वहीं नव विस्तारित क्षेत्र भगवानपुर में सीवर/पेयजल व्यवस्था का स्टीमेट शासन को भेजे जाने की जानकारी देते हुए उसको पूर्ण कराये जाने की सिफारिश की ।

## उद्योग को मिलेगा फलक, आसान होंगी बाधाएं

वाराणसी। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की पहल पर द स्माल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन तथा रामनगर इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के संयुक्त बैनर तले औद्योगिक विकास में आ रही कठिनाइयों, उसके निराकरण एवं भारत सरकार के आने वाले बजट के लिए भेजे जाने वाले सुझावों पर शुक्रवार को ककरमत्ता स्थित एक होटल चिंतन बैठक का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार से अपेक्षा की कि उद्योगों को जहां ऊंचाई देने का काम होगा। वहीं, छोटी-बड़ी बाधाएं भी आसान होंगी। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एमएसएमई सेक्टर को लेकर बहुत गंभीर हैं। वह स्वयं कहते हैं कि हमारे लिए एमएसएमई का अर्थ है, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को अधिकतम समर्थन। यह भारत की विकास यात्रा का बहुत बड़ा आधार हैं। भारत की अर्थव्यवस्था में लगभग एक तिहाई हिस्सेदारी एमएसएमई सेक्टर की है। आज पूरी दुनिया भारत की अर्थव्यवस्था की गति को देखकर प्रभावित है और इस गति में बहुत बड़ी भूमिका हमारे एमएसएमई सेक्टर की है। इसलिए एमएसएमई आज माइक्रो इकोनामी की मजबूती के लिए जरूरी हैं। आज भारत जितना निर्यात कर रहा है, उसमें बहुत बड़ा हिस्सा एमएसएमई सेक्टर का है। इसलिए एमएसएमई आज अधिकतम एक्सपोर्ट के लिए जरूरी हैं। एमएसएमई सेक्टर को मजबूती देने के लिए सरकार ने बजट में बहुत बढोतरी की है। इस सेक्टर से 11 करोड़ से भी अधिक लोग डायरेक्ट व इनडायरेक्ट जुड़े हुए हैं। इसलिए एमएसएमई आज अधिकतम रोजगार के लिए बहुत जरूरी हैं।

## छात्रों ने फूंका कुलपति व संकायाध्यक्ष का पुतला

वाराणसी। काशी विद्यापीठ में बीए एलएलबी (ऑनर्स) के विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश में गड़बड़ी को लेकर परिसर में कुलपति और विधि संकाय के संकायाध्यक्ष का पुतला फूंका गया और छात्रों के हित में न्याय की मांग की गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विद्यापीठ प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। सूचना पर पहुंची पुलिस को विद्यार्थियों ने अपनी व्यथा सुनाई। छात्र-छात्राओं का कहना था कि वर्ष 2019 मे विधि के छात्रों का प्रवेश बीए एलएलबी ( ऑनर्स) के नाम पर लिया गया था और आज नौ सेमेस्टर बीत जाने के बाद विद्यापीठ प्रशासन द्वारा बताया जा रहा है कि आप लोगों का प्रवेश बीए एलएलबी (ऑनर्स) मे नहीं हुआ है बल्कि आप लोगों का प्रवेश बीए एलएलबी (रेग्यूलर) में किया गया है। विद्यापीठ प्रशासन की इस बात को सुनकर छात्र आक्रोशित हो गए। इस विषय मे जब छात्र-छात्राओं ने कुलपति व अन्य सक्षम अधिकारियों से बात की तो उन्होंने मामले को शांत रखने की बात कही।



## परफॉरमेन्स बुलेटिन 2023-24 का विमोचन

वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मण्डल के यान्त्रिक विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान किये गये अभूतपूर्व कार्यों को प्रदर्शित करने हेतु एक बुकलेट परफॉरमेन्स बुलेटिन 2023-24 का विमोचन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में शुक्रवार को किया गया। डीआरएम विनीत कुमार श्रीवास्तव के लहरतारा स्थित कार्यालय में विमोचित बुकलेट में यान्त्रिक विभाग के विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त अभूतपूर्व उपलब्धियों के साथ-साथ विभिन्न तकनीकी उन्नयन एवं उनकी विशेषताओं की विस्तृत जानकारी दी गयी है। इसके अतिरिक्त यांत्रिक विभाग की तकनीकी उपलब्धियां, नई रेलगाड़ियों का उद्घाटन एवं विस्तार, नवाचार एवं अच्छे कार्य, मानक स्थापित करने वाली उपलब्धियां, पर्यावरण संरक्षण हेतु अपनाये जाने वाले उपायों तथा स्वच्छता अभियानों में प्रयुक्त होने वाले उन्नत उपकरणों आदि का विस्तृत विवरण दिया गया है । इस बुकलेट के ई-संस्करण को सर्व सुलभ करने के उद्देश्य से एक दफकोड भी जारी किया गया है, जिसे कोई भी कर्मचारी स्कैन कर इस ई-बुकलेट को आसानी से प्राप्त कर सकता है। मण्डल रेल प्रबन्धक महोदय ने यान्त्रिक विभाग के इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा कहा कि इससे अन्य विभाग को भी प्रेरणा लेनी चाहिए की वे कर्मचारियों के ज्ञानवर्धन के लिए ऐसी पुस्तिका प्रत्येक तकनीकी विभाग को प्रकाशित करानी चाहिए। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) रौशन लाल यादव, अपर मंडल रेल प्रबंधक (आप) राजेश कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर अनुभव पाठक, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(ट्रेन सेट) अभिषेक राय, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर अपूर्व स्वर्णकार, सहायक मंडल इंजीनियर (कोचिंग) अनुज मिश्रा थे।

# दीनानाथ झुनझुनवाला के यहां ईडी ने मारा छापा

वाराणसी सहित सात राज्यों के 10 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी



कार्रवाई

**एक हजार करोड़ से अधिक के बैंक घोटाले का है आरोप**

वाराणसी। वाराणसी के उद्योगपति दीनानाथ झुनझुनवाला के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। उनके वाराणसी स्थित आवास समेत सात राज्यों के 10 ठिकानों पर सुबह सात बजे एक साथ छापेमारी की गई। किसी को भी अंदर-बाहर जाने की इजाजत नहीं दी गयी। सभी के मोबाइल जब्त कर लिए गए थे।

झुनझुनवाला के खिलाफ 2019 में सीबीआई ने करीब 1000 करोड़ के बैंक फ्रॉड का केस दर्ज किया था। फिर, मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर ईडी की एंट्री हुई थी। सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने दो लैपटॉप और 100 से अधिक फाइलों को कब्जे में लिया। दीनानाथ झुनझुनवाला चार से पांच दशक पहले फेरी लगाकर कपड़ा बेचते थे। बाद में उन्होंने झूला ब्रांड डालडा (वनस्पति तेल) बनाना शुरू किया, जो यूपी-बिहार में काफी मशहूर हुआ। दीनानाथ झुनझुनवाला का आवास वाराणसी में नाटी इमली में है।

ईडी की एक टीम शुक्रवार सुबह सात बजे उनके आवास पर पहुंची। वहीं, दो टीमों ने आशापुर और हिरामन की ऑयल मिल पर छापा मारा। दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब और उत्तराखंड समेत देश में झुनझुनवाला के 10 ठिकानों पर दस्तावेज खंगाला गया।

दीनानाथ झुनझुनवाला पर एक हजार करोड़ से अधिक के बैंक फ्रॉड करने का आरोप है। इसमें पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा का करीब 900 करोड़ है। झुनझुनवाला और उनके परिवार ने 11 बैंकों से करोड़ों का लोन लिया था। लेकिन, अब तक लौटाया नहीं है। उनकी कंपनी जेवीएल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड सबसे बड़ी कर्जदार है। जेवीएल एग्रो ने देशभर में बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक की अलग-अलग बैंक शाखाओं से बड़ा लोन लिया था। आरोप है कि बैंकर्स से मिली भगत कर लोन लिए और उसे लौटाया नहीं। खास बात यह है कि स्टॉक और बैलेंस शीट की गलत जानकारी देने के बावजूद बैंकों ने करोड़ों की क्रेडिट लिमिट दे दी थी। 2019 में सीबीआई ने जेवीएल एग्रो पर केस दर्ज किया था। सीबीआई केस के आधार पर एऊ ने मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। दीनानाथ झुनझुनवाला (90) बिहार में भागलपुर के रहने वाले हैं। पत्नी किशोरी देवी (87) से उनके तीन बेटे थे। एक की मौत हो चुकी है। दो बेटे उनका कारोबार में हाथ संभालते हैं। उन्होंने वाराणसी में इलव से ग्रेजुएशन किया था। शुरूआत में दीनानाथ फेरी लगाकर कपड़े बेचते थे। फिर, बिस्किट फैक्ट्री खोली। 17 नवंबर 1989 को झुनझुनवाला ने वनस्पति लिमिटेड नाम से कंपनी बनाई, जिसे जौनपुर के नाऊपुर में स्थापित किया।

1990 से कंपनी ने वनस्पति तेल बनाना शुरू कर दिया। कुछ दिनों में कारोबार चल पड़ा। 25 टन प्रतिदिन के उत्पादन से शुरूआत करने वाली यह कंपनी बाद में करीब एक हजार टन प्रतिदिन उत्पादन करने लगी। 2008 में कंपनी ने अपना नाम जेवीएल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड किया। जेवीएल एग्रो ने वनस्पति, रिफाइंड सोयाबीन और सरसों तेल बनाया। झूला ब्रांड काफी लोकप्रिय हुआ। झुनझुनवाला का कारोबार इंडोनेशिया, चेकोस्लोवाकिया, मलेशिया और श्रीलंका में भी है।

## 'आप' कार्यकर्ताओं ने की बैठक, विमर्श

वाराणसी। शिवपुर में लखनऊ में होने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। पवन कुमार तिवारी अध्यक्ष काशी प्रांत आप उत्तर प्रदेश/ जिला प्रभारी 'आप' के नेतृत्व में हुई बैठक की अध्यक्षता ई. रमाशंकर सिंह पटेल जिलाध्यक्ष ने की। संचालन प्रो. अखिलेश पांडेय जिला महासचिव ने किया। बैठक में कैलाश पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष काशी प्रांत/ जिला प्रभारी जौनपुर, पल्लवी वर्मा सचिव काशी प्रांत/ जिला प्रभारी चंदौली, रेखा जायसवाल प्रदेश महासचिव महिला प्रकोष्ठ आप उत्तर प्रदेश, शारदा टंडन पूर्व मेयर प्रत्याशी, गुलाब सिंह राठौर, घनश्याम पांडेय, सुनील सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ आप वाराणसी, डॉ. अहिल्या सिंह वरिष्ठ साथी।

# योग से शरीर को किया स्वस्थ, प्राणायाम के बताए फायदे

**रिम्मी कौर**





वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया गया। यह एक वार्षिक कार्यक्रम है जो हमेशा हर साल 21 जून को आयोजित किया जाता है। जो उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन है, जो प्रकाश के महत्व और दक्षिणायन में संक्रमण, भारतीय परंपरा में एक शुभ अवधि का प्रतीक है। 2024 की थीम, स्वयं और समाज के लिए योग इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बढ़ाता है बल्कि सामाजिक कल्याण में भी योगदान देता है। यह व्यक्तिगत और सामूहिक स्वास्थ्य के अंतर्संबंध को रेखांकित करता है, व्यक्तिगत विकास और सामाजिक सुधार के लिए योग को एक उपकरण के रूप में बढ़ावा देता है।

21 जून को श्रीप्रभु नारायण राजकीय इंटर कॉलेज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 मनाया गया। इस आयोजन के परीक्षक विशाल कुमार ने आसन और प्राणायाम कराया। इस आयोजन में चार पीढ़ियों के संयोजन को देखा गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ प्रभास कुमार झा व शैलेन्द्र पांडे मधुकर, गोपाल गुप्ता भारत विकास परिषद के अध्यक्ष व विभिन्न अतिथि मौजूद रहे।

अतिथियों के द्वारा बच्चों को योग के माध्यम से अपने जीवन को सफल बनाने तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के शिक्षक मनोज चौबे परवेज अख्तर सुनील सिंह हरेंद्र राय मौजूद थे। यह जानकारी विद्यालय के शारीरिक शिक्षक विवेक कुमार सिंह ने दिया।

## शिविर में पुलिस जवानों ने भी किया योग

वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सेनानायक महोदय डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय (आईपीएस) के कुशल निर्देशन व उपस्थिति में वाहिनी परेड ग्राउंड में शिविर का आयोजन किया गया। योग गुरु जितेंद्र कुमार सिंह ने सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, अर्धचक्रासन, ताड़ासन, भ्रामरी प्राणायम, भस्त्रिका प्राणायाम, तितली आसन, वज्रासन, सर्वांगासन, नौकासन, पवनमुक्त आसन, वृक्षासन, शवासन, हास्य योग एवं विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास, प्राणायामकरवाये गये एवं उनके लाभ के बारे में बताया गया। योग गुरु के द्वारा बताए गए आसान को योग शिविर में शामिल वाहिनी के जवानों द्वारा विधिवत किया गया। इस अवसर पर सेनानायक द्वारा अपने संबोधन में योग के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला गया। कहा कि हमारे शरीर के सारे रोग एवं विकार योग के द्वारा ठीक हो सकते हैं इसके लिए हमें योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करनी होगी। योग करने से शरीर के हर अंगों का एक्सरसाइज हो जाता है। अपने संबोधन के दौरान योग के विभिन्न प्राणायाम एवं आसन के फायदे के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर राजेश कुमार सहायक सेनानायक, कैलाश नाथ यादव शिविरपाल, भगवान सिंह यादव सूबेदार मेजर सहित वाहिनी के समस्त अधिकारी कर्मचारी रहे।

# वाहन की चपेट में आए बुजुर्ग की मौत

चौबेपुर। क्षेत्र के उगापुर गांव के समीप वाराणसी गोरखपुर हाइवे सड़क पार करते समय नंदलाल यादव 65 वर्ष की शुक्रवार की भोर 4 बजे किसी अज्ञात वाहन के धक्के से मौत हो गयी।घटना के बाद कई वाहन शव से गुजरते रहे।काफी देर बाद नंदलाल यादव के पता न होने पर परिजन घर के सामने शव देखकर दहाड़ मार कर रोने लगे।उगापुर गांव निवासी नंदलाल यादव 65 वर्ष महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में एनसीसी विभाग से क्लर्क पद से रिटायर्ड है।पावर हाउस के पास हाइवे किनारे उनका घर है।घर के सामने हाइवे सड़क पार उनका खेत व पाही है।पाही पर रात मे सोते थे ।सुबह चार बजे सड़क पार कर घर आते थे।आज भी सड़क पार करते समय सैदपुर से वाराणसी जा रहे किसी अज्ञात वाहन से धक्का लगने से उनकी मौत हो गयी।घटना के बाद कई वाहन शव के ऊपर से गुजरते रहे।काफी देर बाद घर नही दिखने पर खोजबीन शुरू हुई।तभी घर के सामने पड़ा शव को जाकर देखने पर परिजनों ने दहाड़े मार कर रोने लगे। परिजन व महिलाए सड़क पर ही रोना शुरू कर दिया।जिससे वाहनों की कतार लग गयी।सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक विद्याशंकर शुक्ल ने परिजनों को समझा कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक को दो लड़के नरसिंह यादव व दिनेश यादव है।नरसिंह यादव आरपीएफ का जवान है।दिनेश घर पर खेती बारी करता है।दो लड़की है उनकी शादी हो चुकी है।पत्नी सीता देवी का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक नंदलाल तीन भाइयों में सबसे बड़ा थे।

## वाहन के धक्के से एक की मौत

हरहुआ। बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत हरहुआ बाजार स्थित ओवरब्रिज पर बीती रात वाहन के धक्के से बाईक सवार दो युवक घायल हो गए दोनों को इलाज के लिए हरहुआ स्थित निजी चिकित्सालय में ले जाया गया सत्य प्रकाश की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। सत्यप्रकाश 20 वर्ष निवासी काशीपुर, (ओदार) थाना सिन्धोरा अपनें साथी अमित कुमार कन्नौजिया 24 निवासी नाटी इमली चेतगंज दोनों एक साथ बाइक से किसी कार्य से बनारस गये हुए थे,देर रात्रि में दोनों वाराणसी से अपने घर ओदार सिंधोरा जा रहे थे। लगभग 12;30 हरहुआ ओवर ब्रिज पर पहुंचे थे तभी किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए टक्कर मारने वाला वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

## गांजा के साथ पुलिस ने एक को दबोचा

वाराणसी। लंका पुलिस ने शुक्रवार को एक किलो आठ सौ ग्राम गांजा के साथ एक को गिरफ्तार किया। लंका थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस आयुक्त कमिश्नरट वाराणसी द्वारा अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु दिये गये निदेर्शों केअनुपालन में चलाये जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को नये रविदास पार्क सीरगोवर्धन के पास से अरविन्द उर्फ मुन्ना (35)पुत्र रामकेवल राम निवासी भूसीकृत पुरवा शहाबगंज चंदौली को गिरफ्तार किया गया।

**नाबालिग को भगाने वाला धराया :** नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के एक आरोपी को भी लंका पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान प्रीतम यादव पुत्र रेंगई यादव उर्फ रमई यादव निवासी ग्रा शंकरपुर (चरवा ठेकुराई) चरवा थाना भीमपुरा बलिया निवासी के रूप में की गयी।

# तस्कर को मिली जमानत

वाराणसी। बांग्लादेश से सोना तस्करी करने के मामले में आरोपित को कोर्ट से राहत मिल गई। विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम. डा. दीनानाथ ने करोल बाग, नई दिल्ली निवासी आरोपित तपस मिद्या को 50-50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अवनीश प्रताप सिंह ने पक्ष रखा। 24 मई 2024 को रात के लगभग 10 बजे अशोक कुमार यादव वरिष्ठ आसूचना अधिकारी, आशुतोष तिवारी व अनंत विक्रम द्विवेदी आसूचना अधिकारी को सूचना मिली कि दो व्यक्ति तस्करी का सोना लेकर ट्रेन सं० 12581 बनारस-नई दिल्ली सुपर फास्ट एक्सप्रेस के द्वारा दिल्ली जाने वाले हैं और उक्त दोनों व्यक्ति कोच संख्या बी-5 में यात्रा करने वाले हैं। उक्त सूचना के आधार पर डीआरआई की टीम बनरास रेलवे स्टेशन पहुंची। इस बीच डीआरआई की टीम प्लेटफार्म नं. -08 पर खड़ी ट्रेन के कोच संख्या बी-5 के 45 व 46 नम्बर की सीट पर यात्रा करने जा रहे दो व्यक्तियों को पकड़ कर उनसे पूछताछ की। एक ने अपना नाम तपस मिद्या तथा दूसरे में अपना नाम आशीष राना बताया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह लोग बांग्लादेश से सोना तस्करी कोलकाता के रास्ते उसे भारत लेट है और फिर उसे दिल्ली ले जाकर बेचते है।






## संविदाकर्मी लापता

वाराणसी। मंडुवाडीह थाने पर सारनाथ निवासी विश्वनाथ ने मंडुवाडीह थाने पर तहरीर दी है जिसमें पिता विश्वनाथ ने आरोप लगाया है कि डी.पी एच. मण्डुआडीह उपकेन्द्र पर उनका पुत्र राम अधार सिंह जो संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं 20 जून से लापता है। आरोप लगाया की मेरा पुत्र डीपीएच पर तैनात अवर अभियन्ता के अधिनस्थ कार्य करता है मेरे लापता पुत्र से उक्त अवर अभिनता का स्वभाव ठीक नहीं रहता है। इनके द्वारा पुत्र को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं **प्रधान संपादक अजीत कुमार सिंह, स्थानीय संपादक प्रिया दूबे,** कुतुलूपुर रामनगर वाराणसी से प्रकाशित व मीडियाटेक्स्ट प्राइवेट लिमिटेड आराजी संख्या 68, मौजा गोविंदपुर, जीटी रोड रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित। **आरएनआई नम्बर** : UPBIL05106 । इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

**सम्पर्क** : 9473893322
7309842122 (विज्ञापन)

# योग साधना में डूबी रही आदियोगी की नगरी काशी

## एक साथ लाखों लोगों ने योग कर दुनिया को दिया निरोग रहने का संदेश, हेल्दी लाइफ के लिए प्राणायाम अहम



वाराणसी। दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को आदियोगी की नगरी काशी योग की साधना में पूरी तरह लीन नजर आई। बाबा विश्वनाथ की नगरी से ही पूरी दुनिया को योग से निरोग रहने का संदेश दिया गया। घाट से लेकर मंदिर, पार्क, स्कूल, कॉलेज, प्रशासनिक दफ्तर सभी जगहों पर लोग योग में पूरी तरह तल्लीन नजर आए। श्री काशी विश्वनाथ धाम में भी सुबह योगाभ्यास हुआ।

प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के नेतृत्व में एक हजार लोगों ने योग कर निरोग रहने का संकल्प लिया। इसके अलावा काशी के गंगा घाटों, पार्कों में काशीवासी योग करते नजर आए। बाबा धाम में पहले से ही योग की तैयारी की गई थी। शुक्रवार की सुबह कारिडोर के शंकराचार्य चौक पर योग गुरुओं के सानिध्य में योग की पाठशाला लगी। इस दौरान प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार समेत योग की तमाम विधाओं में योगाभ्यास किया गया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने कहा कि भगवान शंकर, जो कि खुद सबसे बड़े योगी हैं, उनके दरबार में योग करना काफी सुखद रहा। योग एक ऐसी विधा है जिसके माध्यम से बिना एक भी पैसा लगाए निरोग रहने का गुण प्राप्त होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आज संपूर्ण विश्व में योग को अपनाया गया है। इसी योग ने तमाम जटिल रोगों का भी इलाज किया है। इसकी महत्ता को समझते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। संपूर्ण काशी में योग की अलख जगी।

काशी के नमो घाट, अस्सी घाट समेत सभी घाटों पर 25 हजार से ज्यादा लोगों ने योगाभ्यास किया। इसके साथ 694 ग्राम पंचायतों में 694400 लोग, नगर निगम के 100 पार्कों में 20 हजार से ज्यादा लोग योग की अलख जगाने पहुंचे। इसके अलावा रेलवे के वाराणसी मंडल की विभिन्न यूनिटों, कार्यालयों, आरपीएफ बैरकों, जोनल ट्रेनिंग केंद्रों, बनारस कोचिंग डिपो तथा मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर योगाभ्यास किया गया। इसके अलावा शहर भर में लोगों ने घरों के आसपास मैदान, स्कूल व पार्कों में भी योग करते नजर आए।